● जयपुर, रविवार, 28 अप्रैल 24 ● वर्ष 13 ● अंक 243 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 तीन नकाबपोश हत्यारों ने मस्जिद के इमाम की डंडा...

पेज @4 जयपुर विकास प्राधिकरण ने नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया...

पेज @8 पथैना में धीरज बाबा मेला का शुभारम्भ आज....

## फर्स्ट टेक

### रूस ने यूक्रेन के चार ताप विद्युत संयंत्र पर किया मिसाइल हमला

**कीव/एजेन्सी।** रूस ने रात भर यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के चार ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) पर मिसाइल हमले किए। कंपनी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। डीटीईके की प्रेस सेवा के अनुसार रूसी हवाई हमलों से टीपीपी में विद्युत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची है। ऊर्जा मंत्रालय ने टेलीग्राम में एक पोस्ट किया कि रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव और इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्रों और सेंट्रल निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमल कर ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुविधाएं को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि रूसी हमलों के कारण डीटीईके की 80 प्रतिशत उत्पादन क्षमता खत्म हो गयी है।

### जम्मू में तीन सैन्य अधिकारियों के 'शौर्य स्मारक' का अनावरण

**जम्मू/भाषा।** देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले तीन सैन्य अधिकारियों के 'शौर्य स्मारक' का यहां सैनिक स्कूल नगरोटा में अनावरण किया गया। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह स्मारक दिवंगत मेजर अरविंद बजाला, दिवंगत मेजर रोहित कुमार और दिवंगत फ्लाइट लेफ्टिनेंट अद्वितीय बल से संबंधित है। ये तीनों अधिकारी सैनिक स्कूल नगरोटा के छात्र थे जिन्होंने पश्चिम बंगाल (30 नवंबर, 2016), जम्मू (21 सितंबर, 2021) और राजस्थान (28 जुलाई, 2022) में अलग-अलग हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रवक्ता ने कहा कि 16वीं कोर मुख्यालय के प्रमुख एवं सैनिक स्कूल नगरोटा के स्थानीय प्रशासन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल शैलेन्द्र सिंह ने बहादुर अधिकारियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया और श्रद्धांजलि दी।

### संदिग्ध नक्सलियों ने की पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या

**दंतेवाड़ा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने कांग्रेस के स्थानीय नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार पोड़ियाम अपने घर पर थे तब शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने धारदार हथियार से पोड़ियाम की हत्या कर दी।

## ईवीएम पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए : मोदी

### हमारा दृष्टिकोण तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण है



**वास्को (गोवा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली में यह भी कहा कि गोवा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत कार्यान्वयन का एक मॉडल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ईवीएम के बारे में झूठ बोला और लोगों को भड़काने की कोशिश की, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने अपने हालिया फैसले में कहा कि ईवीएम में कुछ भी गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने रुख के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''गोवा भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का एक मॉडल है, जिसने किसानों, गरीबों, मछुआरों, महिलाओं को लाभ पहुंचाया है। मोदी आपके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जी रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि गोवा को देशभक्तों की भूमि, इसके भव्य मंदिरों और चर्च के लिए जाना जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का चुनाव विचारधारा की लड़ाई है, जिसमें एक तरफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है, दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन है जो अपने परिवारों की रक्षा के लिए स्वार्थी उद्देश्यों से काम करता है। उन्होंने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण है।''

मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार देश में ओलंपिक आयोजित करेगी और वह गोवा को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में बदल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के लिए बीमा कवर बढ़ाया जाएगा।

मोदी ने दावा किया कि 'इंडि' गठबंधन अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है और कांग्रेस 55 प्रतिशत विरासत कर लगाने की योजना बना रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस के साहबजादे लोगों की संपत्ति की जांच करने और इसे दूसरों को वितरित करने के लिए विदेश से एक एक्स-रे मशीन लाने वाले हैं।''

### मुंबई लोकल ट्रेन की जगह आएगी, वंदे भारत मेट्रो

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा जिससे मुंबई के दैनिक यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब -करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का आर्डर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के 12 बड़े एवं मझोले नगरों के बीच वंदे भारत मेट्रो से दैनिक यात्रा की सुविधा मिलेगी।वंदे भारत मेट्रो ट्रेन 12 कोच वाला ट्रेन सेट होगा जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 कोच का बनाया जा सकता है। यह अत्यंत तीव्रता से गति पकड़ने और तेजी से रुकने वाली गाड़ी होगी जिसे औसतन सौ सवा सौ किलोमीटर की दूरी वाले दो प्रमुख स्टेशनों के बीच कई फेरों चलाने की योजना है।

### दर्दनाक हादसा : दो बाइक के बीच हुई सीधी भिड़ंत, वाहनों में आग लगने से दो लड़के जिंदा जले

**बेगूसराय/एजेंसी।** बेगूसराय में बीच सड़क एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लडके जिंदा जल गए। दरअसल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार गौतम धाम के पास एसएच- 55 पर शनिवार की सुबह दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी बाइक चालक दो युवकों को भागने तक मौका नहीं मिला और जिंदा जल गए। वहीं बाइक पर सवार दो अन्य युवक दूर गिरने की वजह से गंभीर रूप से जख्मी ही गए। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि किसी की हिम्मत नहीं पड़ी और बाइक धू-धू कर जलती रही। घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। अग्निशमन वाहन भी पहुंच कर आग बुझाने का काम किया। पुलिस जांच मे जुट गयी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने दो युवकों के जिंदा जलने की पुष्टि की है। वहीं दो अन्य जख्मी युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं मृतकों के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।




## नैनीताल के जंगलों में भीषण आग पर काबू पाने में लगा एमआई-17 हेलीकॉप्टर



**नैनीताल/एजेंसी।**

उत्तराखंड में नैनीताल व आसपास के जंगलों में भीषण आग लगी है। सरकार ने आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर लगा दिया है।

हेलीकॉप्टर ने शनिवार सुबह भीमताल झील से पानी भरा और पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई। इससे पहले भी साल 2019 और 2021 में अनियंत्रित आग पर काबू पाने के लिए एमआई-17 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था।

नैनीताल से लगे पाइंस, भूमियाधार, ज्योलीकोट, नारायणनगर, भवाली, रामगढ़, मुक्तेश्वर आदि के जंगल इन दिनों बुरी तरह से धधक रहे हैं। इस साल बारिश कम होने के कारण सूखे जंगल जगह-जगह जल रहे हैं। दमकल विभाग और वन विभाग आग पर काबू पाने में लगा है। आग इतनी तेज है कि दोनों विभागों के अलावा आर्मी के जवान भी आग पर काबू पाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री और प्रशासन के आला अधिकारियों के बीच गहन बातचीत के बाद फैसला लिया गया कि आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली जाए।

इस मिशन के तहत एयरफोर्स का एमआई-17 हेलीकॉप्टर नैनीताल पहुंचा। सुबह हवा और पानी की व्यवस्था देखने के बाद लगभग 7 बजे हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से बकेट (बाल्टी) में पानी भरा और मिशन पर निकल गया।

#### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के दावे को खारिज करते कहा

## मोदी की 'झूठ की फैक्टरी' अब नहीं चलेगी




**बारपेटा (असम)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पार्टी के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि ''मोदी की झूठ की फैक्टरी'' हमेशा नहीं चलेगी।

असम में बारपेटा जिले के कयाकूचि में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता में आएगा और भाजपा को रोकेगा। हमारी सरकार बनने पर, हम महंगाई को काबू करेंगे और हमारा ध्यान गरीब लोगों पर होगा। हम सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे।''

खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को ''झूठों का सरदार'' करार देते हुए उनपर सालाना दो करोड़ नौकरियां देने, कालाधन वापस देश में लाने और हर व्यक्ति को 15 लाख रुपये देने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मोदी की झूठ की फैक्टरी हमेशा नहीं चलेगी। उन्होंने यहां तक कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया और इस बारे में झूठ बोला।''

मोदी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में एक चुनावी रैली में बृहस्पतिवार को कहा था कि इस चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है।

खरगे ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कुछ अमीर दोस्तों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिये। अमीर और भी अमीर हो रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। लेकिन हमने कभी भी भाजपा और आरएसएस की तरह देश को न लूटा न उसे बांटा। इन दोनों को समुदायों, जातियों और धर्मों के बीच लड़ाई कराने की महारत हासिल है।'' खरगे ने मणिपुर में पिछले साल मई में हिंसा भड़कने के बाद से राज्य का एक बार भी दौरा नहीं करने को लेकर भी मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के एक छोर से दूसरे छोर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व किया, जबकि मोदी 'भारत तोड़ो' के लिए काम कर रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर लगातार हमला बोल रहे हैं क्योंकि वह डरे हुए हैं और उन्हें सत्ता जाने का डर सता रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जो व्यक्ति दूसरों का दर्द नहीं महसूस कर सकता उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है।''

देश में बेरोजगारी की स्थिति पर उन्होंने दावा किया, ''बेरोजगारी देश में एक बड़ा मुद्दा है।

### कुकी उग्रवादियों का सीआईएसएफ बटालियन पर हमला, घात लगाकर किया अटैक, 2 जवान शहीद

**इंफाल/एजेंसी।** मणिपुर में हिंसा का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खबर है कि कुकी उग्रवादियों ने बीती देर रात में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों पर हमला कर दिया। इस हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक हमला आधी रात को शुरू हुआ और इलाके में 2.15 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने बताया कि शहीद दोनों जवान मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात ष्टक्रक्कस्न की 128 वीं बटालियन के थे। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब इस तरह से जवानों पर हमला किया गया है। इससे पहले भी कई बार जवानों पर कुकी उग्रवादियों द्वारा हमला किया जा चुका है। इससे पहले कुकी उग्रवादियों ने तीन जिलों कांगपोकपी, उखरूल और इंफाल पूर्व के ट्राइजंक्शन जिले में एक दूसरे पर फायरिंग की। इस गोलीबारी में कुकी समुदाय के 2 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद थौबल जिले के हेइरोक और तेंगनौपाल के बीच 2 दिनों तक क्रॉस फायरिंग हुई थी। इसके

## मुबंई के हौसले पस्त, दिल्ली जीता




**नई दिल्ली/एजेन्सी।** जेक फ्रेज़र-मक्गर्क (84) और शे होप (41) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 43वें मुकाबले में शनिवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) को आसानी से दस रन से हरा कर मौजूदा सत्र में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने पहले खेलते हुये चार विकेट पर 257 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। दिल्ली और मुबंई के बीच जीत हार का अंतर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने पैदा किया। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे दिल्ली के जेक फ्रेजर और अभिषेक पोरल (36) ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाया और शतकीय साझीदारी कर डाली। जेक ने 27 गेंदों की संक्षिप्त पारी में 11 चौके और छह छक्के लगा कर दिल्ली की फिजां को और गर्म कर दिया। जेक के आउट होने के बाद शे होप ने पांच छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 41 रन ठोक कर दिल्ली के लिये बड़े स्कोर का प्लेटफार्म तैयार कर दिया। दिल्ली के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने 13.4 ओवर के खेल में 180 रन बनाये। वहीं मुबंई का टाप आर्डर दिल्ली के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर गया जिसने मध्यक्रम पर खासा दवाब बनाया और अंततः वह मुबंई की हार का कारक बना। रोहित शर्मा (8),ईशान किशन (20) और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर सूर्य कुमार यादव (26) ने अपने विकेट सस्ते में गंवा कर टीम की मुश्किलों में इजाफा किया और पहले पॉवर प्ले में मुबंई का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन हो गया।

### हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में भारत जा रहे तेल टैंकर को नुकसान

**यरुशलम/एपी।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों ने शुक्रवार को लाल सागर से गुजर रहे पनामा के ध्वज वाले तेल टैंकर को मामूली नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यह जहाज रूस से भारत जा रहा था। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान ने कहा कि विद्रोहियों ने हमले में तीन मिसाइलें दागीं, जिनमें से एक ने पनामा के ध्वज वाले, सेशेल्स-पंजीकृत 'एंड्रोमेडा स्टार' को क्षतिग्रस्त कर दिया। निजी सुरक्षा कंपनी एंब्रे ने टैंकर को रूस से जुड़े व्यापार में संलग्न बताया। एंब्रे ने कहा, जहाज रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार की ओर जा रहा था। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बाद में विद्रोहियों द्वारा प्रसारित एक पूर्व-रिकॉर्डेड बयान में शनिवार तड़के हमले का दावा किया। उन्होंने टैंकर को सीधे निशाना बनाए जाने का उल्लेख किया। अमेरिका ने कहा कि एक अन्य जहाज, एंटिका-बारबाडोस-ध्वजांकित, लाइबेरिया द्वारा संचालित मैशा भी हमले के समय पास में था।

## घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर भारत, ईरान ने की चर्चा



■ जनरल अश्तियानी ने ईरान और भारत के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग के क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा की स्थापना पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला और भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**तेहरान/एजेन्सी।** भारत और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में नाजुक स्थिति के मद्देनजर पारस्परिक घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर चर्चा की।

एक रिपोर्ट में कहा कि रक्षा सहयोग पर चर्चा ईरानी रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा अश्तियानी ने कजाकिस्तान में भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने के साथ बैठक के दौरान की।

बैठक के दौरान ईरान के रक्षा मंत्री ने कहा, कि रणनीतिक क्षेत्रों में ईरान और भारत के पास पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। यह बैठक कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन के मौके पर आयोजित की गयी थी।

ईरानी रक्षा मंत्री ने दाएश (आईएसआईएस) आतंकवादी समूह के खिलाफ जंग और उसे क्षेत्र में दोबारा सत्ता हासिल करने से रोकने के लिए तेहरान और भारत के बीच घनिष्ठ सहयोग का भी आह्वान किया। जनरल अश्तियानी ने ईरान और भारत के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग के क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा की स्थापना पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला और भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर भी जोर दिया।

तस्नीम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रक्षा सचिव ने 'सीरिया में इजरायली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकारों की जान जाने पर ईरान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त नौसैनिक युद्धाभ्यास में भाग लेने, रक्षा और शैक्षिक अनुसंधान करने और सैन्य छात्रों के आदान-प्रदान के द्वारा नौसैनिक क्षेत्र में ईरान के साथ मजबूत सैन्य सहयोग की भी बात की।

# भारतीय मनीषा की 'मधु अभिलाषा'

संस्कृत भाषा का साहित्य विश्व में सर्वाधिक समृद्ध है। इसमें मानवीय जीवन के सभी विषय समाहित है। ये सभी आज भी प्रासंगिक है, लेकिन इन्हें समझने के लिए व्यापक दृष्टिकोण होना चाहिए। संस्कृत वांग्मय को समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र व विज्ञान से जोड़ कर पढ़ने व पढ़ाने की आवशयकता है। इसके माध्यम से विश्व की अनेक ज्वलंत समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। मानव जीवन ही नहीं प्रकृति व पर्यावरण के कष्टों का निवारण किया जा सकता है। इससे मधु अभिलाषा फलीभूत होगी, जिसका उल्लेख वेदों में हुआ है। भारतीय वांग्मय के मनीषी हृदयनारायण दीक्षित ऐसे प्रसंग उठाते रहे है। प्राचीन सूक्तियों से वह वर्तमान की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते है। मधु अभिलाषा उनकी ऐसी ही पुस्तक है। इसके आलावा उन्होंनें हिन्द स्वराज का पुनर्पाठ भी इसी विचार भूमि पर किया है।

हृदयनारायण दीक्षित ने इन पुस्तकों के लेखन की प्रेरणा के विषय में तर्कसंगत बिंदु रखे। उनके अनुसार हमारे ऋषियों ने अपने विचार किसी पर थोपे नहीं। दुनिया के अन्य देश जब दर्शन विज्ञान से दूर थे, वहां सभ्यता का विकास नहीं हुआ था, उसके हजारों वर्ष पहले हमारे अरण्य सत्य की खोज के स्थल थे। केवल दर्शन ही नहीं विज्ञान के आविष्कार भी यहीं हुए। ऋग्वेद में मधु शब्द आया है। पहले मधु विद्या को तंत्र माना जाता था। लेकिन ऐसा नहीं था। अनेक विद्वानों ने इसकी व्याख्या की। मधु विद्या गहरा व व्यापक विषय है। जल, वायु, जबको मधुर माना गया। हमारा कर्म, बोलना, सुनना, चलना, सब मधुमय हो। यही भावना पूरी मानवता को मधुर बना देती है। प्रति, रीति, मन सब मधुर हो। संवैधानिक संस्थाए मधुर हो। इस तरह ब्रह्मांड मधुर हो जाता है। सबके हृदय एक साथ मधुर हों। यही मधु अभिलाषा है। हृदयनारायण दीक्षित ने बताया कि वह विद्यार्थी काल से ही गांधी जी के चित्र बड़े ध्यान से देखते थे, लगातार गांधी जी को पढ़ते थे। गांधी जी ने मर्यादा, सार्वजनिक जीवन की जो रेखा खींची, वहां तक पहुंचना आसान नहीं है। प्रजातंत्र की उनकी कल्पना थी। वह भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह रखते थे। अंग्रेजो के आने से भारत राष्ट्र नहीं बना। उनके आने से हम ज्ञानी नहीं हुए। उनके उसने से हमारी संस्कृति को नुकसान हुआ। भारत विश्व का प्राचीनतम राष्ट्र है। यूरोप में तेरहवीं शताब्दी में नेशन का विचार आया। भारत में ईशा के पांच हजार पहले राष्ट्र का स्पष्ट विचार है। वेदों में अनेक बार राष्ट्र शब्द का प्रयोग किया गया। गांधी जी यही मानते थे।

उन्होंने लिखा था कि यूरोप का इतिहास अराजकता से भरा है। इसीलिए गांधी जी ने ब्रिटिश संसद को वैशया कहा था। वहां के महिला संगठनों ने यह शब्द वापस लेने को कहा था। गांधी जी ने इससे इनकार कर दिया। यह कहा कि ब्रिटिश संसद में कुछ लोग हल्ला करते है, कुछ लोग सोते रहते है। जाहिर है कि गांधी जी अलग ढंग की व्यवस्था चाहते थे। मधु अभिलाषा' और 'हिंद स्वराज्य का पुनर्पाठ का लेखन विद्वतापूर्ण है। हिन्द स्वराज की रचना महात्मा गांधी ने मुंबई से अफ्रीका की यात्रा के दौरान समुद्री जहाज में कई थी। गोपाल कृष्ण गोखले ने कहा था कि एक दिन गांधी जी स्वयं इस किताब को फाड़ देंगे। लेकिन गांधी जी ने पुस्तक लिखने के कई वर्ष बाद गांधी जी ने कहा था कि मै हिन्द स्वराज के एक एक शब्द से आज भी सहमत हूँ। जबकि गांधी जी गोपाल कृष्ण गोखले को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। हृदयनारायण दीक्षित ने लिखा कि भारत मे प्राचीन काल से था। लेकिन यह योरोपीय ढंग का नहीं था। गांधी जी कहते थे कि योरिपिय इतिहास में तो राजाओं की विलासिता, छल कपट, हिंसा, षड्यंत्र का चित्रण है। भारत में ऐसे इतिहास लेखन को महत्व नहीं दिया। मधु अभिलाषा में भारतीय संस्कृति की विराटता के दर्शन होते है। ऋग्वेद में लोकमंगल की भावना है। प्रत्येक व्यक्ति पूर्ण है। पूर्णता से पूर्ण हटाओ तो पूर्ण ही बचता है। राम असंभव का संभव है। ऋग्वेद के ऋषियों ने कभी कोई निर्देश नहीं दिया। कोई सीमारेखा नहीं बताई। कोई बाड़ा नहीं बनाया। यह नहीं कहा कि उनकी बात ही अंतिम है। सत्य अनन्त है, हरिकथा अनन्त कही भी गई। व्यक्ति में जिज्ञाषा होनी चाहिए। प्रश्नों के लिए आतुरता होनी चाहिए।

हृदयनारायण दीक्षित स्वयं दिलचस्प प्रश्न करते हैं। वह लिखते है कि बाल रंग लूं ,तो क्या सत्तर की उम्र से पचास का लगूंगा। यदि पचास का लगूँगा तब भी क्या फर्क पड़ेगा। जितने बाल बचे है उन्हें ही बचना मुश्किल है। इसलिए बालों को भी नमस्कार करते है। अपने लेखन में आये मैं शब्द का भी विश्लेषण करते है। मैं शब्द व्यक्तिवादी नही है, उसमें सभी जिज्ञाषा वाले लोग शामिल है। वह भी शामिल है जो व्यवस्था से संतुष्ट नहीं है, वह शामिल है जो नई व्यवस्था चाहते है। वह व्यवस्था जो सभी के लिए मधुमय हो। विचारों की सोपान व्यवस्था भी चलती है। महात्मा गांधी ने उन्नीस सौ नौ में हिन्द स्वराज लिखी। हृदय नारायण दीक्षित ने अगला सोपान लिखा। वह गांधी दर्शन पर चलते है, विश्वास करते है। इसलिए यह सोपान सार्थक हुआ। गांधी जी भी मधु अभिलाषा की कामना करते थे। यह सोपान चलता भी रहता है। समाज और मानवता के लिए यह श्रेयस्कर भी है।


# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्रोतों से अलग-अलग तरीको से



उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्षय बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा



मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, ''कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन - जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, ''सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।'' इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए।

इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, ''कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज़ विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था।

## गरीबी में कमी और रोजगार दर में वृद्धि

विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन \$2.15 पर अत्यधिक गरीबी, \$3.65 पर निम्न-मध्यम आय और \$6.85 पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गई है। मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दर्शाते हैं। पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुँच में काफी सुधार हुआ है। एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी, आज, यह आंकड़ा 3 प्रतिशत से भी कम हो गया है।

भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ। भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40% उत्पन्न करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्क्ळ) ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे। इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है।

ईपीएफओ एक सामाजिक सुरक्षा संस्था है जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध नियम अधिनियम, 1952 के नियमों के तहत देश के संगठित कार्यबल को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा निधि के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। सितंबर 2023 में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत औपचारिक नौकरी सृजन इस साल अगस्त में 1.69 मिलियन से बढ़कर 1.72 मिलियन हो गया। सितंबर में 0.89 मिलियन से अधिक नए ईपीएफओ सदस्य नामांकित हुए, जिनमें से 58.9 प्रतिशत 18 से 25 वर्ष की आयु के थे। यह दर्शाता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जिनमें से कई पहली बार कर्मचारी हैं। सोमवार, 12 फरवरी, 2024, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में पिछले प्रशासन की तुलना में 1.5 गुना अधिक रोजगार सृजित किए हैं।

## मोदी सरकार की पहल

पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुँचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। पिछले कुछ दशकों में, भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएँ, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस लिहाज से, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार के कुछ उपाय नीचे सूचीबद्ध हैं:

22 जनवरी, 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की। इस योजना से एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएँगे।

17 सितंबर, 2023 को, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय क्षेत्र की योजना पीएम-विश्वकर्मा की शुरुआत की। नई योजना का उद्देश्य पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को पहचान दिलाना और प्रोत्साहित करना है जो अपने हाथों और सरल औजारों का उपयोग करते हैं। इस प्रयास का उद्देश्य उनके उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करना है, साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल करना है।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारत की आर्थिक कहानी ने पूंजी निवेश के लिए सरकार के अटूट समर्थन को दिखाया, जो 2023-24 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 37.4 प्रतिशत अधिक था। 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय ने बढ़त हासिल की, जिसमें बजट अनुमान 2023-24 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये (120.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया, जो संशोधित अनुमान 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये (87.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है। चालू वित्त वर्ष में, राजस्व व्यय से पूंजीगत परिव्यय अनुपात में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उच्च-गुणवत्ता वाले व्यय की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। भारत के पास एक जबरदस्त आर्थिक अवसर है अगर वह ऐसा माहौल बना सके जो उन लाखों युवा भारतीयों के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी के विकास को प्रोत्साहित करे जो श्रम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। अगले दो दशकों में, भारत की कामकाजी आयु की आबादी लगभग 200 मिलियन बढ़कर एक अरब से अधिक हो जाने की उम्मीद है, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बन जाएगी। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति में नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वालों, कुशल युवाओं और स्नातक स्तर पर शोध और अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने को प्राथमिकता दी गई है। इस तरह की कार्रवाइयों से बेरोजगारी दर में और कमी आएगी। भारत ने नवाचार और प्रौद्योगिकी में कुछ लोगों की अपेक्षा कहीं अधिक प्रगति की है। हां, जनसांख्यिकी देश को लाभ पहुंचाती है, लेकिन वे सकल घरेलू उत्पाद के अनन्य जनरेटर नहीं होंगे। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए नवाचार और श्रमिक उत्पादकता बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा। तकनीकी शब्दों में, इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था में श्रम और पूंजी की प्रति इकाई अधिक उत्पादन। 2021 और 2022 में दो वर्षों के उच्च आर्थिक विकास के बाद, भारतीय अर्थव्यवस्था कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान मजबूती से बढ़ती रही है। निकट अवधि की आर्थिक उम्मीद 2024 में निरंतर तेजी से विस्तार की है, जिसे घरेलू मांग में उच्च वृद्धि का समर्थन प्राप्त है।

## मोदी के नेतृत्व में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

पिछले चार वर्षों में, सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश चीन के मुकाबले तीन गुना रहा है। पंद्रह साल पहले, चीन में निवेश अक्सर भारत की तुलना में चार गुना अधिक था। अंतरराष्ट्रीय ज्ञान रखने वाले प्रवासी अक्सर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की ओर आकर्षित होते हैं। पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दीर्घकालिक विकास पूर्वानुमान को दर्शाता है, जिसे युवा जनसंख्या संरचना और तेजी से बढ़ते शहरी पारिवारिक आय से सहायता मिली है। यूएस डॉलर के संदर्भ में भारत का नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर होने का अनुमान है। इस तीव्र आर्थिक विस्तार के कारण 2030 तक भारतीय जीडीपी जापानी जीडीपी से अधिक हो जाएगी, जिससे भारत एशिया-प्रशांत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना 2024 अध्ययन के अनुसार, भारत की स्थिर वृद्धि के कारण 2024 में दक्षिण एशिया की जीडीपी में 5.2% की वृद्धि होने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बैंक के मुख्य अर्ध-वार्षिक मूल्यांकन आयडीयू ने नोट किया है कि, गंभीर वैश्विक चिंताओं के बावजूद, भारत वित्त वर्ष 22/23 में 7.2 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। भारत की विकास दर जी 20 देशों में दूसरी सबसे अधिक थी, जो विकासशील बाजार अर्थव्यवस्थाओं के औसत से लगभग दोगुनी थी। इस लचीलेपन को मजबूत घरेलू मांग, महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश और बढ़ते वित्तीय उद्योग का समर्थन प्राप्त था। वित्त वर्ष 23/24 की पहली तिमाही में बैंक ऋृण वृद्धि बढ़कर 15.8 प्रतिशत हो गई, जो वित्त वर्ष 22/23 में 13.3 प्रतिशत थी।

संघीय सरकार वाले इतने बड़े, विविधतापूर्ण देश में नीति निर्माण की चुनौतियों को देखते हुए पीएम मोदी ने कई मौकों पर कठोर परिस्थितियों और गैर-समर्थक विपक्ष के बावजूद समय पर निर्णय और नीतियों को लागू करके 1.4 बिलियन लोगों के विकास के लिए अपने समर्पण का उत्तरदायित्व निभाया है। अपने पहले कार्यकाल में उन्हें विरासत में मिली सुस्त अर्थव्यवस्था एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे सकारात्मक विकास के स्रोत में बदल दिया और अगर वे प्रधानमंत्री बने रहे तो एक बेहतरीन पथप्रदर्शक साबित होंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़ी निवासी समाजसेवी तपेश बिधूडी ने जयपुर सिंधी कैंप बस मैट्रो स्टेशन पर लगवाया वाटर कूलर

**चमकता राजस्थान। जयपुर /बाड़ी! (रामदास तरुण)** बाड़ी उपखंड के गांव चौकपुरा निवासी युवा समाजसेवी तपेश बिधूडी पुत्र / प्रेमसिंह बिधूडी कार्यरत नगर पालिका बाड़ी ने गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन के हितार्थ के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में पहुंचकर सिंधी कैंप बस स्टैंड /मैट्रो स्टेशन पर लोगों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए एक 40 लीटर का वाटर कूलर आमजन की सेवा के लिए समाज हित में समर्पित किया है जिससे पहले भी तपेश बिधूडी के द्वारा समाज हित के लिए अनेकों काम किये है जिनको समाज सेवा के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है! इस दौरान तपेश बिधूडी, अमित कुमार शुक्ला, पुनीत कपरेला, सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### उपखंड अधिकारी सचिन यादव ने ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)** उपखण्ड अधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें गर्मीयो के मौसम को देखते हुए पीएचडी विभाग के अधिकारियों के साथ पानी संबंधी समस्या की विस्तृत चर्चा की एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष कनेक्शन को तुरंत करवाने संबंधी दिशा निर्देश दिए थानाधिकारी भुसावर से कस्बा में एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था संबंधी विषय चर्चा की गई बैठक में तहसीलदार राजेंद्र मोहन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता बीडीओ भुसवार सहायक अभियंता पीएचईडी विभाग एवम बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आकाशीय टंकी के निमार्ण कार्य धीमी गति से चलने से ग्रामीणों में आक्रोश

● **अधिकारियों व संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप**

**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)** ग्राम पंचायत सुहारी में जल जीवन मिशन के तहत बनायी जा रही आकाशीय टंकी का कार्य धीमी गति से होने के चलते ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। गॉव सुहारी निवासी रामनिवास सहित ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीणों को पेयजल मुहैया करवाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है। जहां टंकी का निर्माण कार्य फरवरी 2023 में शुरू हो गया। लेकिन संवेदक की मनमानी और कार्य करने की धीमी चाल के चलते कार्य समाप्ति की प्रस्तावित दिनांक के बाद 5 माह ऊपर गुजर जाने पर भी टंकी का निर्माण कार्य पूरा नही हुआ है। गॉव में धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जहां ग्रामीणों ने प्रशासन से संवेदक पर कार्रवाही करने को लेकर मांग की है।



### बाड़ी नगरपालिका का अतिक्रमण अभियान हुआ औपचारिक,

● **अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नहीं हुई कोई भी प्रभावी कार्रवाई**



**चमकता राजस्थान/धौलपुर!(रामदास तरुण)** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखंड के नगर पालिका का अतिक्रमण अभियान हुआ औपचारिक साबित तीन दिन से चल रहे अभियान में नहीं हुई कोई ठोस कार्यवाही अभियान के निकलते ही फिर से हो जाता है! अस्थाई अतिक्रमण,बिना मंजूरी की पटिया, स्थाई रूप से रखे अवैध खोखे, बिल्डिग मटेरियल सामान आदि ने कर रखा वर्षो से फुटपाथ और नालों के ऊपर कब्जा, मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों के संकरा होने की मुख्य वजह है! स्थाई अतिक्रमण, तीन दिन के अभियान के बाद भी अतिक्रमण की स्थिती जस की तस, ठेलझ्रढकेलो को भी चिन्हित जगह पर लगवाने में अब तक नाकामयाब रही है नगरपालिका, ऐसे में लोगो में चर्चा का विषय, आखिर कब तक मीडिया मैनेज कर बरती जाएंगी औपचारिकताएं!

# तीन नकाबपोश हत्यारों ने मस्जिद के इमाम की डंडा मारकर की हत्या

## दौराई मस्जिद में चलता था मदरसा, समाज के लोगों ने एसपी ऑफिस पर किया प्रदर्शन, करी अपराधियों के गिरफ़्तारी की मांग



**चमकता राजस्थान**

अजमेर। रामगंज थाना क्षेत्र के दौराई कंचन नगर स्थित मोहम्मदी मदीना मस्जिद में शुक्रवार देर रात 2:30 बजे करीब तीन नकाबपोश बदमाशों ने मौलाना (मस्जिद के इमाम) की डंडों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात के दौरान मस्जिद में रह रहे 6 नाबालिग बच्चों को बदमाशों ने धमाकाते हुए कहा कि चिल्लाए तो तुम्हें भी जान से मार देंगे और इसके बाद बच्चों को कमरे से बाहर निकाल दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। रामगंज थाना पुलिस ने शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। समाज के लोगों ने एकत्रित होकर एसपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया कि शुक्रवार देर रात्रि करीब ढाई से तीन बजे तीन नकाबपोश दौराई मस्जिद में दाखिल हुए। मस्जिद परिसर में भूतल पर बने कमरे में मस्जिद के इमाम रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी मोहम्मद माहिर छह बच्चों के साथ सो रहे थे।प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक रात में कमरे का दरवाजा खुला था। नकाबपोश ने बच्चों के बगल में सो रहे इमाम के सिर में डंडा मारा। इसके बाद कमरे में मौजूद बच्चों को जान से मारने को धमकी देकर बाहर निकाल दिया। इमाम मोहम्मद माहिर के साथ बेहरमी से मारपीट की। भागने से पहले आरोपियों ने साथ लाया डंडा मस्जिद के पीछे फेंक दिया। उनके जाने के बाद बच्चों ने लहूलुहान इमाम को संभाला की लेकिन तब तक उनके प्राण निकल चुके थे। कमरे के फर्श, दीवार, टाइल व गदे पर खून मिला है। सूचना पर वृत्ताधिकारी (दक्षिण) ओमप्रकाश के साथ वे स्वयं जाप्ते के साथ वहां पहुंचे। पुलिस ने प्रकरण दर्जकर गहनता से पड़ताल शुरू कर दी।

● **डर सहमें बच्चों ने पड़ोसीयों को जगाया**

वारदात के बाद तीनों नकाबपोश फरार हो गए। बारदात से डर सहमे बच्चों ने मस्जिद के पास रहने वाले हाफिज मोहम्मद सरफराज और पड़ोस में रहने वाले शरीफ अब्बासी के परिवार को जगाया। सूचना पर रामगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का मुकदमा दर्जकर लिया। फोरेंसिक साइंस लेब व पुलिस की कार्यप्रणाली शाखा ने घटनास्थल से साक्षय जुटाए हैं। इमाम की हत्या की वारदात को मजिस्द कमेटी के आपसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस प्रकरण की गहनता से पड़ताल में जुटी है।

खून में सना डंडा मिलाः मौके पर फोरेंसिक साइंस लेब के डॉकैलाशचन्द व कार्यप्रणाली शाखा प्रभारी तेजाराम जाट ब बग स्क्रायर्ड टीम पहुंची। एफएसएल, एमओबी की टीम ने घटनास्थल से सैम्पल लिए जबकि मस्जिद की दीवार के पीछे की तरफ दो डंडे बरामद किए। इसमें खून में सना एक भारी भरकम डंडा है. जो फावड़े या गैंती का हत्या है। वहीं कमरे के फर्श, दीवार, टाइल व गदे पर मिले खून के नमूने उठाए। खास बात यह रही कि बच्चों ने इमाम के सिर में लगी चोट पर कपड़ा लगाकर खून रोकने का भी प्रयास किया।मुख्य मौलाना की मौत के बाद छह माह पहले मिली थी जिम्मेदारीः पट्टेसी शरीफ ने बताया कि मौलाना माहिर करीब 7 साल पहले यहां रामपुर (यूपी) से आए थे। यहां रहकर बच्चों को पढ़ाते थे। इनका परिवार रामपुर में ही रहता है। यहां वो अकेले ही रहते थे। मस्जिद में मौलाना के साथ 15 बच्चे रहते थे।

ईद के कारण सारे बच्चे अपने घर चले गए थे। 25 अप्रैल को ही गांव से लौट कर बच्चे अजमेर आए। 28 अक्टूबर को मस्जिद के मुख्य मौलाना जाकिर हुसैन की तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद मस्जिद के मुख्य मौलाना की जिम्मेदारी मोहम्मद माहिर को दी गई थी। हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांगः कंचन नगर खानपुरा स्थित इमाम नरहूम मौलाना मोहम्मद असलम निवासी शाहबाद रायपुर (यूपी) की अज्ञात तीन हमलावरों ने मस्जिद में घुसकर नृशंस हत्या करने वालों की शीघ्र गिरफ्तार की मांग को लेकर शनिवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने एसपी ऑफिस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और एसपी देवेंद्रा कुमार विश्नोई को ज्ञापन सौंपा कर कार्यवाही करते हुए हत्यारो की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही लोगों ने एसपी विश्नोई से मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिवार के सदस्य को सरकारी व सहकारी नौकरी देने की मांग की।

अजमेर जैसी धार्मिक नगरी में मस्जिद जैसे पवित्र स्थान पर धर्मगुरु की हत्या होने से का पहला मामला होने से पूरे शहर में रोष व्यक्त है तथा मस्जिदों के इसामों में भय व्यापत है जिसको देखते हुए अजमेर शहर के सभी धार्मिक स्थलों में रात्रि में रह रहे धर्मगुरूओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए जाए।ज्ञापन देने वालों में मुफ्तीवशीकल कादरी, काजी मुनव्वर अली, रुस्तम खान, मोईन खान बाबू भाई, अब्दुल नईम खान पार्षद आरिफ खान, जावेद खान, पप्पू कुरैशी, मोहम्मद इकबाल मुफ्ती, मोहम्मद युनूस मोहसिन खान, सैयद रब नवाज आरिफ मुख्तवी, अनवर चिश्ती रईस कुरैशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# 8 साल का हिमांशु बना गांधीनगर थाने का सीआई

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर! (खलील कुरैशी)** जयपुर में 8 साल का लड़का हिमांशु सैनी 2 घंटे के लिए गांधीनगर थाने का सीआई बना। इस दौरान हिमांशु को पुलिस की वर्दी पहनाई गई और फिर सीआई की कुर्सी पर बैठाया गया और थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ उसकी मुलाकात कराई गई। हिमांशु ने थाने के पुलिसकर्मियों के साथ चाय पी और उनकी ड्यूटी और काम को लेकर कुछ सवाल पूछे। 2 घंटे सीआई की कुर्सी पर बैठने के बाद हिमांशु काफी खुश नजर आया।गांधी नगर सीआई उदयभान यादव ने बताया कि हिमांशु सैनी (8) पुत्र राजू सैनी बांदीकुई का रहने वाला है। हिमांशु को थैलेसीमिया की बीमारी है, जिसके कारण उसे हर महीने जयपुर आना पड़ता है। हिमांशु के पिता ने 1 दिन पहले मुझे बताया कि हिमांशु पुलिस अधिकारी बनना चाहता है, लेकिन वह काफी बीमार रहता है। अगर उसे एक बार पुलिस की वर्दी पहनने और थाने में आने का मौका दिया जाए तो उसे बहुत अच्छा लगेगा।

सीआई ने बताया- बच्चे की इच्छा जानकार मैंने उसके पिता को शनिवार को हिमांशु को लाने के लिए कहा। इस पर आज शाम 4 बजे हिमांशु का परिवार उसको लेकर थाने लेकर पहुंचा। यहां पर उसे पुलिस की वर्दी पहनाई गई और फिर उसे मैंने अपनी कुर्सी पर बैठाया। हिमांशु सीआई की कुर्सी पर बैठकर बहुत खुश नजर आया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी उसका मनोबल बढ़ाने का पूरा प्रयास किया। पुलिस की वर्दी पहनकर खुश हुआ हिमांशु हिमांशु के पिता राजू सैनी ने बताया थाने में पहुंचकर पुलिस की वर्दी पहनना, पुलिसकर्मियों के बीच रहना और सीआई की कुर्सी पर बैठना हिमांशु के लिए सपना सच होने जैसा था। हिमांशु अपनी बीमारी के बारे में जानता है। वह कई बार पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा जाहिर करता है। बच्चे की इच्छा पूरी करने के लिए बड़ी हिम्मत कर गांधीनगर थाने पहुंचा। यहां सीआई उदयभान को हिमांशु की बीमारी के बारे में बताया और उसकी पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा के बारे में भी बताया। हिमांशु की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने तुरंत हां बोल दी और हिमांशु को आज थाने लाने के लिए कहा। आज हम हिमांशु को लेकर थाने पहुंचे तो उसके साथ पुलिस अधिकारी जैसा व्यवहार किया गया। पुलिसकर्मियों के बीच आकर, पुलिस की वर्दी पहनकर और सीआई की कुर्सी पर बैठकर हिमांशु काफी खुश नजर आया।

### बयाना में चाकू की नोंक पर मां-बेटी से लूटः

● **2 लाख के जेवर और नगदी लूटी, शादी से लौट रहे थे दोनों**




**चमकता राजस्थान।** भरतपुर (राजवीर सिंह) बयाना कोतवाली थाना क्षेत्र में बस का इंतजार कर रही मां-बेटी से हथियारों के बल पर दिन दहाड़े लूट होने का मामला सामने आया है। तीन दिन पुरानी इस घटना को लेकर पीड़ित महिला ने शुक्रवार शाम बयाना कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। गढ़ी बाजना थाना इलाके के गांव कोड़ापुरा निवासी सुआदेवी पत्नी पूरन गुर्जर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी 11 साल की बेटी सोनम के साथ भाई की पुत्री की शादी में करौली के गुड़ला पहाड़ी कांशीराम पुरा गई थी। वहां से 24 अप्रैल को वापस ट्रेन से बयाना आई थी। बयाना के लाल दरवाजा पुरानी चुंगी के पास वह और उसकी बेटी दोपहर करीब एक बजे गांव कोड़ापुरा जाने के लिए बस के इंतजार में खड़ी थी। इस दौरान 30-35 साल आयु के दो व्यक्ति उनके पास आए और गांव का नाम पूछकर उनके गांव में अपनी रिश्तेदारी बताई। महिला ने बताया कि करीब आधा घंटा इधर-उधर की बातचीत के बाद दोनों युवकों ने कहा कि बस थोड़ा आगे मिलेगी। इस पर वह दोनों मां-बेटी को पुरानी चुंगी से करीब 100-150 कदम आगे ले गए। जहां सुनसान रास्ता देख दोनों ने चाकू-कट्टे निकाल लिए और पहने हुए सोने के जेवर देने को कहा। विरोध करने पर बदमाशों ने मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि इसके बाद बदमाश उसके पहने हुए सोने की झुमकी, दो अंगूठियां, मंगल सूत्र आदि करीब दो लाख के गहने, 2200 रुपए की नकदी और मोबाइल फोन को लूट ले गए। आरोपी दोनों मां-बेटी के मुंह बांधकर सुनसान रास्ते में छोड़ गए। इसके बाद रात को ट्रैक्टर से लिफ्ट लेकर दोनों मां- बेटी अपने गांव पहुंची। पीड़िता ने बताया कि वह घटना से सदमे में आ गई थी और उसने लूट के बारे में अपने परिजनों को नहीं बताया। दो दिन बाद परिजनों को बताया तब जाकर शुक्रवार शाम को मामला दर्ज कराया।

## 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' द्वारा 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' आयोजित

# नई शिक्षा नीति के आलोक में आधुनिक शिक्षण रुचिकर बने : राज्यपाल

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर! (खलील कुरैशी)** राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि 'फैकल्टी डेवलपमेंट' के अंतर्गत शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नवीनतम परिवर्तन हो रहे हैं, उनको सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण को प्रभावी किया जाए। श्री मिश्र शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित 'फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम' में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को पढ़ाना नहीं, उन्हें समय-संदर्भों से जोड़ते हुए शिक्षण को रुचिकर बनाना होना



चाहिए। उन्होंने कहा कि सीखना और सीखाना सतत प्रक्रिया है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए यह प्रयास किया जाए कि शिक्षणविद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही विद्यार्थियों को भविष्य की नई दिशाएं प्रदान कर सकता है। श्री मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश करते हुए चिकित्सा प्रशासन, शोधकर्ता की भूमिका आदि से जुड़े कौशल विकसित करने की और भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में भी 'फैकल्टी डेवलपमेंट' को अद्यतन किए जाने पर जोर दिया।

● **राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें नएपन पर जोर हो।**

» शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ–साथ शिक्षा जनोपयोगी तभी बनेगी, जब युगीन संदर्भों का समावेश करते हुए उसमें नवाचारों को अपनाया जाए। इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इससे पहले 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ ने इस कार्यक्रम की उपादेयता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपाध्यक्ष डॉ. सी. मल्लिकार्जुन ने संकाय विकास के लिए राज्यवार किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उपाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मिश्र ने सभी का आभार जताया।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा करी प्रभावी कार्रवाई

## जोन-10 ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांक 27.04.2024 को जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम-जामडोली जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''राधिका विहार द्वितीय'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम सुमेल जिला जयपुर में करीब 3 बीघा, इसी के पास 2 बीघा कुल 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''तिरूपति विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर 2 नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

### आगरा रोड तिलक हॉस्पिटल के पास बेशकिमती सरकारी भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमणमुक्त

### सुओमोटो के तहत ईकोलोजिकल जोन वर्धमान नगर विस्तार विजयपुरा, दुर्गाविहार कॉलोनी जामडोली, शान्ति-विहार सुमेल रोड पर रोड सीमाओं को करवाया कब्जा अतिक्रमणमुक्त।





- **आगरा रोड तिलक हॉस्पिटल के पास बेशकिमती सरकारी भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमणमुक्त......**

जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड तिलक हॉस्पिटल के पास जिला जयपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेषकिमती सरकारी भूमि पर बंजारा परिवार के द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर झुग्गी-झोपडी, छप्परकोस अन्य सामान डालकर कब्जा - अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर बेशकिमती सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करवाया गया।

सुओमोटो के तहत ईकोलोजिकल जोन वर्धमान नगर विस्तार विजयपुरा, दुर्गाविहार कॉलोनी जामडोली, शान्ति-विहार सुमेल रोड पर रोड सीमाओं को करवाया कब्जा अतिक्रमणमुक्त।प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांक 27.04.2024 को सुओमोटो के तहत जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित वर्धमान नगर विस्तार विजयपुरा रोड, दुर्गाविहार कॉलोनी जामडोली, शान्ति-विहार सुमेल में रोड सीमाओ पर करीब 15 स्थानों पर कब्जा - अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये चबुतरे लोहे की जालिया, ईटों से निर्मित इन्कोलोजर इत्यादि किये गये कब्जे-अतिक्रमणों को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर तीन कॉलोनियों की रोड सीमाओ को अतिक्रमणमुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहीयॉ प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 03, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई.

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने पूछी मंत्री संजय शर्मा की कुशलक्षेम



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** सांसद रामचरण बोहरा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर के साथ जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की कुशलक्षेम जानी। इस दौरान उनकी तबीयत को लेकर उन्होंने डॉक्टर्स से भी चर्चा की। वहीं सांसद बोहरा ने वन मंत्री के जल स्वस्थ होने की कामना की।

### चुरू जिले में थाना रतनगढ़ पुलिस की कार्रवाईः

- **दुकान पर टॉफी लेने गई नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी दुकानदार गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चूरू !(खलील कुरैशी) 26 अप्रैल।** रतनगढ़ थाना इलाके में करीब एक सप्ताह पहले दुकान में टॉफी लेने गई नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी सागर अली उर्फ असगर अली मुगल निवासी रतनगढ़ को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया है।एसपी जय यादव ने बताया कि 20 अप्रैल को थाना रतनगढ़ क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी सामान लेने के लिए पास ही में दुकान पर गई थी। आरोपी दुकानदार सागर अली ने टॉफी का लालच देकर अश्लील हरकत की और किसी को नहीं बताने के लिए धमकी दी। रिपोर्ट पर आईपीसी कि संबंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान एसएचओ दिलीप सिंह द्वारा शुरू किया गया।एसपी यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ अनिल कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ दिलीप सिंह के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी सागर अली उर्फ असगर अली मुगल को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### महायज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सहित धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई उप मुख्यमंत्री



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के नांगल जैसा बोहरा में श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर, वैष्णव विहार, में हुए धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुई। उप मुख्यमंत्री ने वहां महंत हीरापुरी महाराज एवं नरसिंह पुरी से मुलाकात भी की और उनसे आशीर्वाद भी लिया। वे यहाँ श्रीराम एकादश कुंडीय महायज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उनके साथ क्षेत्र के बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

### अलवर में हाजियों का मेडिकल एवं टीकाकरण कैंप हुआ आयोजित ,

- **अलवर जिला प्रभारी अब्दुल हकीम खान ने हाजियों की करी हौसला अफजाई**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/अलवर! (खलील कुरैशी)** अलवर में हज 2024 के मुकद्दस सफर पर जाने वाले हाजियों के लिए मेडिकल कैंप व टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर व अलवर प्रभारी जनाब अब्दुल हकीम खान ने शिरकत कर हाजियों का हौसला अफजाई करी आपको बता दें कि राजस्थान से टोटल 3977 हाजी है जिसमें अलवर जिले के कुल 214 हाजी हज मुकद्दश के मुबारक सफर पर जा रहें मेडिकल कैंप व टीकाकरण कैंप में 212 हाजियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है


### ऑक्सफोर्ड अकादमी में क्विज प्रोग्राम में फातिमा शेख टीम ने मारी बाजी



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** ऑक्सफोर्ड अकैडमी स्कूल आदर्श नगर में स्टूडेंट को हाल ही में तीन मुस्लिम महिलाओं को पद्मश्री अवार्ड मिलने और उनके अपने काम के प्रति समर्पित भावना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल के बच्चों की सात टीमें क्विज प्रोग्राम के तहत बनाई गई फातिमा शेख, चांद बीबी, एपीजे अब्दुल कलाम, शेरे मैसूर, निखत जरीन, अल्लामा इकबाल और हसरत मोहानी के नाम से टीम में बनाए गई। फातिमा शेख ने क्विज में बाजी मारी, फर्स्ट रैंक रही अल्लामा इकबाल और सेकंड टीम रही निखत जरीन। इस मौके पर हरदेव जोशी यूनिवर्सिटी की उपाध्यक्ष सारा इस्माईल स्टूडेंट को हाल ही में एम फातिमा बीबी नसीम बानो और तकदीरा बानो को मिले पद्मश्री अवार्ड के बारे में स्टूडेंट को जानकारी देते हुए कहा कि फातिमा बीबी पहले मुस्लिम सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बनी है नसीम बानो जो कि लखनऊ से ताल्लुक रखती है चिकनकारी का कपड़ों पर काम करती है और चिकनकारी के जरिए वे कपड़ों पर कहानी दर्शाती हैं। तकदीरा बानो कोलकाता से है और वो काथा काम में माहिर है और अपनी मेहनत के ज़रिए इस काम को काफी ऊंचाई तक लेकर गई और एक पहचान दिलवाई उन्हें भी पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया। उन्होंने कहा इन तीनों मुस्लिम महिलाओं ने पूरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है खास तौर पर चिकनकारी काम को लेकर और काथा काम के जरिए से देश का नाम ऊंचा किया है। इस मौके पर ऑक्सफोर्ड अकैडमी के डायरेक्टर एस जेड ताहिर ने कहा कि बच्चों ने बड़ी मेहनत की है और ऐसे क्विज प्रोग्राम से जनरल नॉलेज में बढ़ोतरी तो होती ही है साथ ही इतिहास के बारे में भी बच्चों को पूरी जानकारी प्राप्त होती है जीती हुई टीमों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट देकर नवाजा गया। बाकी के पार्टिसिपेंट्स बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया।

### चुरू जिले में थाना बीदासर पुलिस की कार्रवाईः

- **5 हजार के इनामी को जयपुर में पकड़ा, नकबजनी के मामले में था वांछित**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चूरू !(खलील कुरैशी), 27 अप्रैल।** चूरू जिले में थाना बीदासर पुलिस की टीम ने नकबजनी के मामले में गत वर्ष से फरार आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु सोनी पुत्र सत्यनारायण (24) निवासी इंद्रबाबा की बगीची के सामने (थाना सुजानगढ़) को जयपुर में थाना झोटवाड़ा इलाके में भगवती रेजिडेंसी के पास से डिटेन कर गिरफ्तार किया है।एसपी जय यादव ने बताया कि आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु गत वर्ष थाना बीदासर में हुई नकबजनी के मामले में वांछित चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर उनके कार्यालय से 5 हजार का इनाम रख अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ प्रहलाद राय के सुपरविजन एवं एसएचओ कैलाश चंद्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा आरोपी की तलाश में विशेष प्रयास किए गए। अथक प्रयास, परंपरागत आसूचना तंत्र एवं साइबर टीम चूरू के सहयोग से इनामी अपराधी चंद्र प्रकाश उर्फ गौरु को टीम ने जयपुर में झोटवाड़ा इलाके से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जिससे चोरी के माल एवं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।इस कार्रवाई में एएसआई रतनलाल, हैड कांस्टेबल अविना, कांस्टेबल सुभाष, राम रतन, कमलेश, छगन लाल एवं साइबर सेल से हैड कांस्टेबल भागीरथ शामिल थे। जिसमें कांस्टेबल सुभाष की विशेष भूमिका रही है।

### माफियाओं के आगे लाचार और बेबस हुई राज्य सरकार,जयपुर में बीजेपी नेता को मिली रंगदारी की धमकी

- **पांच करोड़ रुपए दो, नहीं तो 7 दिन बाद जिंदा नहीं बचेगा**

**चमकता राजस्थान। जयपुर।( खलील कुरैशी)** राजधानी जयपुर में एक बार फिर गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगी गई है। यह रंगदारी बीजेपी के एक नेता से मांगी गई है। इस नेता का खुद का कारोबार है। इस बीजेपी नेता को व्हाट्स ऐप कॉल कर 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी के रुपए पहुंचाने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। व्हाट्स ऐप कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा का आदमी बताया है। बीजेपी नेता की ओर से रंगदारी मांगने का यह मामला जयपुर के शिवदासपुरा थाने में दर्ज कराया गया है।

- **रोहित गोदारा के पेज से रविन्द्र सिंह भाटी को भी धमकी**

» लोकसभा चुनाव में बाड़मेर–जैसलमेर से निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र भाटी को भी मतदान के दूसरे दिन जान से मारने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के पेज से भार्टी को जान से मारने की धमकी दी है। पता चलने के बाद भार्टी ने एक्स अकाउंट पर धमकी भरी पोस्ट को टैग कर राजस्थान पुलिस को सूचना दी है। अब पुलिस ने धमकी भरे पोस्ट की जांच कर रही है कि वास्तव में रोहित गोदारा ने धमकी दी है या फिर चुनावी रंजिश में किसी सि–रफिरे ने माहौल बिगाड़ने के लिए ऐसा किया है।

# बाड़मेर में चुनाव के बाद हुआ बवाल, धरने पर बैठे विधायक रविन्द्र भाटी

## कार्यकर्ताओं की भीड़ को देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूले, भारी पुलिस फोर्स तैनात

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी)प्रदेश की सबसे हॉट सीट बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग के दौरान बायतु इलाके में हुई मारपीट की घटना तूल पकड़ गई है। चुनाव संपन्न होने के बाद यह मामला और उलझता जा रहा है। इस मामले को लेकर शनिवार को निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी हजारों समर्थकों के साथ बालोतरा पहुंचे। उन्होंने वहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना दे दिया। भाटी के साथ आई कार्यकर्ताओं की फौज को देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। फिलहाल भाटी की बालोतरा पुलिस अधीक्षक से वार्ता चल रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मतदान के दौरान

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र में बायतु विधानसभा क्षेत्र में विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि रविन्द्र सिंह भाटी के कुछ समर्थक वहां से निकलते समय अकदड़ा गांव में एक बूथ पर गए थे। वहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर वहां कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने भाटी के समर्थकों से मारपीट कर दी। उनकी गाड़ियां तोड़ दी। उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां मामला शांत कराया। पुलिस इस मामले में 13 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। इनमें भाटी समर्थक घायल कार्यकर्ता भी थे। बाद में भाटी ने थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से बातचीत की।



भाटी ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने के गंभीर आरोप लगाए। उनका आरोप था कि पुलिस ने उनके घायल कार्यकर्ताओं को मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं होने दी। वेवजह थाने में रखा, लेकिन पुलिस ने उनक शिकायत को गंभीरता से नह लिया। भाटी ने कहा जो लोग वोट देने घर आ रहे थे उनके साथ मारपीट भी हुई और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। उसके बाद शनिवार को सुबह भाटी ने बालोतरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने क चेतावनी दे डाली, फिर के दोपहर करीब 12 हजारो कार्यकर्ताओं के साथ बालोतर एसपी ऑफिस पहुंचे। वह उन्होंने एसपी कार्यालय क घेराव कर दिया। हालात दे-खकर वहां अतिरिक्त जाब्त तैनात किया गया। जोधपुर से भी पुलिस अधिकारियों के बुलाया गया। भाटी से फिलहाल एसपी कुंदन कुंवरिया ने वार्तालाप कर मामला शांत करवाने का प्रयास किया।

मिलाद शरीफ़, महफ़िल ए कव्वाली सहित विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ सफ़ल आयोजन

# ताला स्थित बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती की दरगाह में सालाना उर्स चढ़ा परवान पर, लगा जायरीनों का तांता

## अकीदतमंदों में दिखा उर्स मुबारक और मेलें को लेकर उत्साह एवं जोश,उमड़ा का जन समूह

चमकता राजस्थान

ताला (खलील कुरैशी) जमवारामगढ़ के ताला ग्राम की पहाड़ियों पर विराजमान बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अहैल के सालाना उर्स मुबारक एवं लख्खी मेले को लेकर जायरीनों में अच्छा खासा उत्साह और जोश देखा गया देर रात तक भारी संख्या में जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से जायरिनों का आना जारी रहा,आपको बता दें ताला मेले में जयपुर से जायरीन के आने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 6 अतिरिक्त बसें लगाई गई,और इनकी निगरानी एवं बसों की जांच के लिए बनाए है दो चेकपोस्ट बनायें गये रविवार को सुबह 11 बजे कुल की रस्म के साथ उर्स का होगा समापन, इसके बाद 29 अप्रैल सोमवार को गुदड़ी का मेला भी आयोजित होगा उर्स में आने वाले जायरीन की व्यवस्थाओं के पुलिस प्रशासन है अलर्ट मोड़ पर









### ● जायरीनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाकर रखा गया ख्याल

ताला दरगाह कमेटी एवं ताला मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जायरीनों को पुष्प वर्षा कर इस्तकबाल किया। इसके साथ दरगाह पहुंचने पर मेला कमेटी सदस्यों ने भी जायरीनो का स्वागत किया. दरगाह कमेटी खादिमान और सरपंच अमीर खान शेख, शकूर शेख ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में जुम्मे की नमाज अदा की गयी और शनिवार को सुबह से जायरीनों और ने बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह के आस्ताने शरीफ़ में अकीदत के फूल एवं चादर पेश कर अपनी जायज़ मन्नत मांगी और गर्मजोशी से हाजिरी लगायी शाम को मिलाद-शरीफ, तकरीर और कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित हुआबाहर से आए जायरीनों के आने से मेले में हुजूम लगा रहा।

### ● भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा भी चादर चढ़ाई गयी

अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती ने दरगाह शरीफ में चादर पेश की व देश में अमन-चैन भाईचारे,और तरक्की की दुआएं मांगी। इस मौके पर सलीम खां सिलार भाजपा जिला मंत्री, ईस्माइल, वरिष्ठ भाजपा नेता जमील खान चौहान, फखरुद्दीन शेख जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रभारी सहित बड़ी संख्या भाजपा अल्पसंख्यक पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि रविवार सुबह कूल की रस्म के साथ मेले का समापन होगा।

### ताला उर्स मेले में पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के नेतृत्व में रहे कड़े सुरक्षा बंदोबस्त.

» बाबा शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह की ताला दरगाह के उर्स मुबारक एवं लख्खी मेले में कानून व्यवस्था चाक चौबंद है। कानून व्यवस्था के लिए ग्रामीण एसपी शांतनु सिंह के निर्देश में मेला प्रभारी एएसपी ब्रजमोहन मीना को बनाया गया इस दौरान इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मेला प्रभारी ने बताया कि जमवारामगढ़ डिप्टी प्रदीप गोयल, साइबर क्राईम ब्रांच डिप्टी खलील अहमद, गोविंदगढ़ डिप्टी राजेश जांगिड़ रायसर थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह, के अलावा ग्रामीण सीओ सर्किल के साथ, जमवारामगढ़, आंधी, चंदवाजी, शाहपुरा, मनोहरपुर ,रेनवाल जोबनेर, सहित अन्य थाना अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहें व जमवारामगढ़ एसडीएम ललित मीणा, नायब तहसीलदार मुरारी लाल वर्मा, बीडीओ रमेश चन्द मीणा, ताला ग्राम विकास अधिकारी सोहन लाल सांवरिया अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। तथा ताला चौकी प्रभारी सुभाष समोता सहित 300 पुलिसकर्मी तैनात रहे।

# देश के चार प्रमुख हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, सीआईएसएफ को मेल में लिखा- पकड़ सको तो पकड़ लो

नई दिल्ली/एजेंसी

देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड×कंप मच गया।
सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया गया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली।
बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।
ईमेल में कहा गया था कि हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है। मेल में लिखा था कि मैं बेंगलुरु में बैठा हूं पकड़ सको तो पकड़ लो। उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीने में इस तरह की यह तीसरी धमकी है।




## टोंक सवाईमाधोपुर पीएम की सभा से भी नहीं बढ़ा मतदान 7 प्रतिशत घटा,

### ● पायलट की सीट पर हुई सबसे ज्यादा 61.04 प्रतिशत वोटिंग

**चमकता राजस्थान। टोंक।** पहले चरण के लोकसभा चुनावों में कम हुई वोटिंग के बाद दूसरे चरण में राजनीतिक दलों, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरी ताकत झोंकी गई, लेकिन ज्यादा कारगर नहीं हुए। ये ही नहीं टॉक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर आखिरी सभा पीएम नरेंद्र मोदी ने की, लेकिन उनकी सभा भी मतदान बढ़ाने में कारगर नहीं हुई। मोदी की सभा से भी इस सीट पर गत बार के लोकसभा चुनावों में हुए मतदान से आगे निकलना तो दूर की बात रही, बराबर भी नहीं कर पाई। तमाम प्रयासों के बावजूद इस सीट पर गत लोकसभा चुनावों के मुकाबले पौन 7 प्रतिशत मतदान कम हुआ। टॉक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदान पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की विधानसभा सीट टोंक में 61.04 प्रतिशत हुआ। वहीं सबसे कम मतदान निवाई विधानसभा में 52.98 प्रतिशत हुआ।
ज्ञात रहे कि शुक्रवार को दूसरे चरण में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट समेत 13 सीटों पर मतदान हुआ। दूसरे चरण में मतदान बढ़ाने के लिए प्रशासन से लेकर राजनीतिक दलों ने कड़ी मेहनत की। इसके बावजूद 5 साल पहले 2019 में हुए लोकसभा चुनावों से पीछे रह गए। जबकि टोंक जिले के उनियारा कस्बे में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने भी बीजेपी प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में बड़ी सभा की थी। पीएम मोदी ने सभा में लोगों से कहा भी था कि आप एक काम करना, घर जाकर माताओं बहनों से कहना कि मोदी आया था, वोट जरूर डालना, आपका वोट सीधा मोदी को जाएगा। लेकिन इन तमाम कोशिशों के बावजूद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में हुई वोटिंग के बराबर भी मतदान नहीं हुआ। अब लोग यह भी चर्चा मर रहे कि मतदान के दिन कई जगह अंधड़, बारिश होने से वोटिंग प्रभावित हुई है। शाम के समय मतदाता घरों से अपेक्षाकृत कम निकले।सवाई माधोपुर जिले की गंगापुर विधानसभा में 55.88 प्रतिशत, बामनवास विधानसभा क्षेत्र में 53.03 प्रतिशत, सवाई माधोपुर विधानसभा में 55.74 प्रतिशत, खंडार विधानसभा में 59.01 प्रतिशत, टोंक जिले की मालपुरा विधानसभा में 55.08 प्रतिशत, निवाई विधानसभा में सबसे ज्यादा 61.04 प्रतिशत और देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 59.69 प्रतिशत मतदान हुआ।

### ● 21 लाख 48 हजार से ज्यादा है मतदाता

टॉक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर करीब 21 लाख 48 हजार 149 मतदाता है। इनमे से 12 लाख 15 हजार 295 मतदाताओं ने वोट डाले है। जो कि 56.57 प्रतिशत है। जबकि 2019 में करीब पौने 7 प्रतिशत कम है।

## जयपुर में घर में मिला सब इंस्पेक्टर का शव

**चमकता राजस्थान ।जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर में खुद के घर में ही शुक्रवार रात एक सब इंस्पेक्टर का शव मिला। मकान अंदर से लॉक था। नौकरानी ने खिड़की से झांक कर देखा तो सब इंस्पेक्टर बाथ रूम में न्यूड हालत में गिरे दिखाई दिए। सूचना मिलने पर कालवाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ऋछ टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। एसएचओ (कालवाड़) महावीर यादव ने बताया- राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव (50) की उनके ही घर में लाश मिली है। वह सुशांत सिटी में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। एसआई धर्मेंद्र यादव पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा में तैनात थे। पिछले दो दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। उनकी पत्नी और बच्चे घर में शादी होने के कारण बीकानेर गए हुए थे। उल्टी-दस्त की शिकायत पर गुरुवार को ही डॉक्टर घर आकर ट्रीटमेंट देकर गए थे। शुक्रवार सुबह घर पर खाना बनाने के लिए नौकरानी आई। डोर बेल बजाने के बाद भी रकधर्मेंद्र यादव ने गेट नहीं खोला। कुछ देर रुकने के बाद नौकरानी दूसरी जगह अपने काम पर चली गई। रात करीब 7:30 बजे खाना बनाने के लिए नौकरानी दोबारा घर आई। काफी देर तक डोर बेल बजाने और आवाज लगाने के बाद भी धर्मेंद्र ने गेट नहीं खोला। इस पर नौकरानी ने खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो धर्मेंद्र बाथ रूम की जमीन पर गिरे दिखाई दिए। अनहोनी की आशंका के चलते नौकरानी ने शोर मचाकर पड़ोसियों को इकट्ठा किया। लोगों की सूचना पर कालवाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और धक्का मारकर गेट खोल कर अंदर पहुंची। बाथ रूम में धर्मेंद्र का शव न्यूड हालत में पड़ा हुआ मिला।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

मुंबई। एजेंसी

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 24 दिग्गज कंपनियों के करीब आठ प्रतिशत तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 73,730.16 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,587.77 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 47,239.29 अंक हो गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3913 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1993 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रहा वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 33 कंपनियां लाल जबकि 17 हरे निशान पर रही।

बीएसई के आठ समूहों में गिरावट का रुख रहा। वित्तीय सेवाएं 0.68, दूरसंचार 0.15, यूटिलिटीज 0.09, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.21, धातु 0.07 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत टूट गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.44, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.17 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 170 अंक की तेजी के साथ 74,509.31 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद 74,515.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 73,616.65 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,339.44 अंक के मुकाबले 0.82 प्रतिशत टूटकर 73,730.16 अंक रह गया।

- **दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली**
- **सेंसेक्स 609.28 अंक की गिरावट लेकर 73,730.16 अंक पर**
- **निफ्टी 150.40 अंक का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद**

इसी तरह निफ्टी भी 50 अंक चढ़कर 22,620.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,620.40 अंक के उच्चतम जबकि 22,385.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,570.35 अंक की तुलना में 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 7.73, बजाज फिनसर्व 3.55, इंडसइंड बैंक 3.36, नेस्ले इंडिया 3.08, कोटक बैंक 2.11, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.94, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.93, एचसीएल टेक 1.79, मारुति 1.70, एसबीआई 1.38, एलटी 1.32, सन फार्मा 1.07, टाटा स्टील 1.04, एनटीपीसी 0.71, रिलायंस 0.53, टाटा मोटर्स 0.14 और एचडीएफसी बैंक 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 7.34, विप्रो 0.79, आईटीसी 0.56, अल्ट्रासिमको 0.53, टाइटन 0.33 और एक्सिस बैंक के शेयरों ने 0.24 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# बीआर सिंह अस्पताल में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

कोलकाता/संवाददाता

सियालदह डिवीजन के चिकित्सा विभाग ने बीआर सिंह अस्पताल संग विश्व मलेरिया दिवस 2024 को उत्साह से मनाया। मौके पर नारकेलडांगा कॉलोनी में एक निकाली गयी रैली में डॉ. कल्पना मंडल, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सियालदह और डॉ. सुमंत चक्रवर्ती, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, न्यू कोइलाघाट ने भाग लिया। रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य विभागीय कर्मचारियों और कॉलोनी के निवासियों ने मलेरिया की रोकथाम पर महत्वपूर्ण ज्ञान फैलाने के लिए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

दूसरी ओर सियालदह स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉ. चंपक विश्वास, बीआर सिंह अस्पताल के मुख्य विशेषज्ञ-1; डॉ. कल्पना मंडल, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सियालदह, सियालदह स्टेशन के निदेशक और सियालदह के स्टेशन प्रबंधक उपस्थित थे। वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारी, स्वास्थ्य निरीक्षक, हाउसकीपिंग सहायक और यात्री गतिविधियों में शामिल हुए। स्टेशन पर विशाल स्क्रीन पर दिखाए गए एक संक्षिप्त वीडियो में मलेरिया के लक्षणों, उच्च जोखिम वाले समूहों, शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार के महत्व और निवारक उपायों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. बिस्वास ने उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में वेक्टर जनित बीमारी के रूप में मलेरिया के प्रभाव पर जोर देकर सत्र की शुरुआत की। बीआर सिंह अस्पताल में बाल चिकित्सा के वरिष्ठ डीएमओ डॉ. सायंतन साहा ने मलेरिया के निदान, निवारक और उपचारात्मक पहलुओं पर विस्तार से बताया।



# विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

# दलित युवाओं को उद्यमी बनाने में सहयोग करेंगे युवा शक्ति ट्रस्ट, डिक्की

नयी दिल्ली। एजेंसी

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) और दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ( डिक्की ) ने 5000 दलित उद्यमियों को रोजगार निर्माता बनने में मदद करने के लिये शुक्रवार को यहां एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते पर राजधानी में एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किये गये। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके तहत लक्षित उद्यमियों में से 20 प्रतिशत दलित महिलायें होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से, बीवाईएसटी और डिक्की 1000 दलित युवा उद्यमियों को परामर्श प्रदान करेंगे। इन युवाओं को उद्यमिता, बैंकिग के तरीकों, ग्राहक के साथ संबंध, बुक कीपिंग, परियोजना की तैयारी और बिक्री से जुड़े सॉफ्ट स्किल आदि की बुनियादी अवधारणाओं पर बीवाईएसटी के मेंटर और मेंटर क्लीनिकों के नेटवर्क के जरिये परामर्श दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि यह निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम (एंट्रेप्रेन्योर ऑनलाइन लर्निंग-ईओएल) दो से तीन दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम उन्हें अपने विचार को बेहतर बनाने और ठोस व्यावसायिक योजनाओं में बदलने में मदद करेगा। बीवाईएसटी और डीआईसीसीआई आसानी से स्थापना और व्यवसाय चलाने की सुविधा के लिये प्रति व्यक्ति औसतन चार लाख रुपये के ऋण के साथ 250 दलित युवाओं को क्रेडिट लिकेज और सलाह सहायता भी प्रदान करेंगे।

क्रेडिट तक पहुंच बीवाईएसटी के संस्थागत ऋण भागीदारों जैसे बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, आईडीबीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

डिक्की के बड़े सपने देखने वाले दलित उद्यमी सदस्यों को सस्टेनिंग एंट्रेप्रेन्योरशिप एंड ग्रीन बिजनेस प्रोग्राम के तहत भी प्रशिक्षण और समर्थन मिलेगा, जिसके तहत (ईएसजी) पर्यावरण, सामाजिक, लैंगिक और संचालन से जुड़े पहलुओं की बुनियादी समझ और इस समझ को व्यावसाय से जोड़ने के तरीके भी सिखाये जाते हैं। इन उद्यमियों का न्यूनतम टर्नओवर 10-20 लाख के बीच होता है और ये प्रत्यक्ष रूप से न्यूनतम 8-10 जॉब पैदा करते हैं।

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, सुश्री लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने इस समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, 'दलित युवाओं के सामने उद्यमी बनने में पूंजी, संसाधनों तक सीमित पहुंच और परामर्श समर्थन जैसी मुश्किलें ज्यादा रहती हैं, जो उनकी सफलता में बाधा डालती हैं। बैंकिंग और कॉरपोरेट क्षेत्र में न्यायसंगत पहुंच को सुविधाजनक बनाना और भी महत्वपूर्ण बन जाता है।'

वेंकटेशन ने कहा, 'इस संस्था का लक्ष्य है, भारत के वंचित युवाओं को रोजगार ढूंढने के बजाय रोजगार निर्माता बनने में मदद करना। यह साझेदारी, भारत में दलित उद्यमिता को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ करती है।'

डिक्की के संस्थापक अध्यक्ष, पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले ने इस मौके पर कहा कि इस पहल के तहत बड़े और छोटे दोनों किस्म के प्रतिस्पर्धी विनिर्माण उद्यमों की स्थापना तथा इन्हें बनाये रखने और शेष विश्व के लिये मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण को साकार करने के लिये जरूरी है कि दलित उद्यमियों को समर्थन दिया जाये, मज़बूती प्रदान की जाये और सशक्त बनाया जाये और बीवाईएसटी के साथ यह साझेदारी व्यावहारिक समावेशी विकास के लिये अनुसूचित जाति उद्यमिता की महत्वपूर्ण क्षमता का उपयोग कर आर्थिक विकास को गति दे सकती है। डिक्की के वर्तमान अध्यक्ष, पद्मश्री रवि नर्रा ने इस अवसर पर कहा, 'डिक्की ने इच्छुक और मौजूदा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उद्यमियों की पहचान करने के लिये पांच स्थानों (पुणे, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, भोपाल, जयपुर) में बिजनेस फैसिलिटेशन सेंटर (बीएफसी) की स्थापना की है, ताकि उन्हें एक उच्च पेशेवर उद्यमशील परितंत्र के दायरे में लाया जा सके और सफलता के लिये उनकी मदद की जा सके।

# वार्डविजर्ड इनोवेशंस का मुनाफा 3.97 करोड़ रुपये पर पहुंचा

वड़ोदरा। एजेंसी

'जॉय ई-बाईक' ब्रांड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविजर्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 3.97 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 93.34 लाख रुपये रहा था।

कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 128.25 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के यह 50.75 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी का मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल शुद्ध लाभ 13.43 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष के 8.85 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह से मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व 321.62 करोड़ रुपये रहा है जबकि जबकि मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में यह 239.28 करोड़ रुपये रहा था।

# मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 48 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 47.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,877.8 करोड़ रुपये रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2623.6 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के बाद अध्यक्ष आर सी भार्गव ने वुर्चअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि उच्च बिक्री मात्रा, अनुकूल कमोडिटी कीमतों, लागत में कमी के प्रयासों और उच्च गैर-परिचालन आय के कारण मुनाफे में यह बढ़ोतरी हुयी है।

वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में परिचालन से कंपनी का कुल राजस्व 38,235 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 32,048 करोड़ रुपये था।

उन्होंने कहा कि इस तिमाही में कंपनी ने कुल 584,031 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13.4 प्रतिशत अधिक है।

MARUTI SUZUKI

उन्होंने कहा कि कंपनी ने इस दौरान 78,740 वाहनों का निर्यात किया जो वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही के 64,719 वाहनों के निर्यात की तुलना में 21.7 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी लगातार तीसरे साल शीर्ष निर्यातक बनी रही है और यात्री वाहन निर्यात में उनकी कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 41.8 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पांच रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर 125 रुपये का लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में 90 रुपये लाभांश दिया गया था।

भार्गव ने कहा कि कंपनी ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में 20 लाख से अधिक वाहनों की बिक्री की है।

## रेलकर्मियों के लिए लगा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर



**आसनसोल/संवाददाता।** आसनसोल रेलवे मंडल के चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को पाण्डवेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 100 से अधिक कर्मचारी उच्च रक्तचाप, मधुमेह मेलेटस, बीएमआई, लिपिड प्रोफाइल, किडनी कार्य परीक्षण और यकृत कार्य परीक्षण के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच से लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के दौरान आसनसोल रेलवे अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन शैली, आहार संबंधी आदतों को अपनाने और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में चिकित्सा परामर्श और जांच के बारे में बहुमूल्य जानकारी भी दी।

# मार्टा सिल्वा ने की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा

ब्राजिलिया। एजेंसी

ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी।

मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया, 'अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है।' उन्होंने कहा, 'एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है।'

उन्होंने कहा, 'मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं।'

- **लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी**

टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

# बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए कल चलेगी अतिरिक्त ईएमयू

कोलकाता। संवाददाता

पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डब्ल्यूबीजेईई) के लिए परीक्षार्थियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 28 अप्रैल यानी रविवार को 05:45 बजे और 08:40 बजे के बीच और 16:25 बजे और 16:25 बजे के बीच छह (06) जोड़ी ईएमयू सेवाएं (एसयूई) चलाने की योजना बनाई है। अप लाइन में यह ईएमयू सेवाएं 36081 हावड़ा-मासग्राम लोकल (प्रस्थान- 05:45 बजे), 37217 हावड़ा-बंदेल लोकल (प्रस्थान- 07:05 बजे), 37041 हावड़ा-शेओराफुली लोकल (प्रस्थान- 07:30 बजे), 37011 हावड़ा-श्रीरामपुर लोकल (प्रस्थान- 07:45 बजे), 37061 हावड़ा-शेओराफुली लोकल (प्रस्थान- 17:00 बजे), 37511 बल्ली-बंदेल लोकल (प्रस्थान- 17:52 बजे) चलेगी। जबकि डाउन लाइन में यह ईएमयू सेवाएं 36082 मसाग्राम-हावड़ा लोकल (प्रस्थान- 08:06 बजे), 37230 बंदेल-हावड़ा लोकल (प्रस्थान- 08:28 बजे), 37042 शेओराफुली-हावड़ा लोकल (प्रस्थान- 08:20 बजे), 37012 श्रीरामपुर-हावड़ा लोकल (प्रस्थान- 08:40 बजे), 37062 शेरफुली-हावड़ा लोकल (प्रस्थान- 18:13 बजे), 37512 बंदेल- बाली लोकल (प्रस्थान- 16:25 बजे) चलेगी।

# दीपरंजनी फाउंडेशन ने मनाया ऑटिज्म जागरूकता माह

कोलकाता। संवाददाता

न्यूरो-विकास संबंधी विकलांग व्यक्तियों के व्यावसायिक पुनर्वास के लिए समर्पित संगठन, दीपरंजनी फाउंडेशन, 'ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेज' शीर्षक से अपनी आगामी प्रदर्शनी की घोषणा करते हुए रोमांचित है। ऑटिज्म जागरूकता माह के उपलक्ष्य में आयोजित यह गहन प्रदर्शनी, उपस्थित लोगों को न्यूरो-विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों के अनूठे दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती है। प्रदर्शनी 26 और 27 अप्रैल, 2024 को दीपरंजनी फाउंडेशन परिसर में होगी, जिसमें उपस्थित लोगों को दो दिनों की खोज, खोज और जुड़ाव की पेशकश की जाएगी। 26 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक और



27 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक, आगंतुकों को संवेदी अनुभवों की समृद्ध टेपेस्ट्री में तल्लीन करते हुए, किसी अन्य की तरह यात्रा पर निकलने का अवसर मिलेगा। न्यूरोडायवर्स व्यक्तियों के जीवन को परिभाषित करें 'दीपरंजनी फाउंडेशन में, हम समावेशी स्थान बनाने में विश्वास करते हैं जहां हर किसी को उनकी अद्वितीय क्षमताओं और दृष्टिकोण के लिए मनाया जाता है,' दीपरंजनी फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. अमृता पांडा ने कहा। ''ए जर्नी थ्रू स्पेशल सेंसेज' के माध्यम से, हमारा उद्देश्य पूर्व धारणाओं को चुनौती देना, सहानुभूति को बढ़ावा देना और न्यूरो-विविधता की समझ को बढ़ावा देना है। हम उपस्थित लोगों को अन्वेषण और खोज की इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।' प्रदर्शनी में इंटरैक्टिव द्वीपों की एक श्रृंखला होगी, जिनमें से प्रत्येक संवेदी अनुभव के एक अलग पहलू की झलक पेश करेगा। उपस्थित लोग स्पाइस द्वीप का पता लगा सकते हैं, जहां वे विदेशी मसालों की सुगंध का आनंद लेंगे और विशेषज्ञ मसाला निर्माताओं को काम करते हुए देखेंगे। इन संवेदी अनुभवों के अलावा, उपस्थित लोगों को न्यूरो-विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों के साथ बातचीत करने, उनके अनुभवों के बारे में जानने और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की एक श्रृंखला को ब्राउज करने का अवसर मिलेगा।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को चार रन से हराया

लाहौर/एजेंसी

टिम रॉबिन्सन (51) रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद विलियम ओ'रूर्के की धारदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है।

गद्दाफी स्टेडियम में गुरुवार को 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और 46 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुये। फखर जमान ने 45 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुये। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके।



न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके। कप्तान माइकल ब्रेसवेल और जेम्स नीशम को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

- **न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बनायी**
- **पाकिस्तान व न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मैच**

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत करते हए पहले विकेट लिये 56 रन जोड़े। यूजीलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों में सर्वाधिक (51) रन बनाये। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हुये। माइकल ब्रेसवेल ने 20 गेंदों में 27 रन बनाये। न्यूजीलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। मोहम्मद आमिर, जमान खान, उसामा मीर और इफ्तिखार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## जीतकर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास लौटा सकते हैं : फाफ डुप्लेसी

हैदराबाद। एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि मैच जीतकर कर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास ला सकते है। डुप्लेसी ने गुरुवार को कहा, 'पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। सनराइजर्स हैदराबाद वाला मैच 270 अधिक था और हम 260 तक पहुंच गए। केकेआर मैच भी केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है। हमारे लिए यह बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा।' उन्होंने कहा, 'एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफी कड़ी है, टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप शतप्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी।' उन्होंने कहा, 'पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें।

# जल्द होने जा रहा कौन बनेगा करोड़पति के नए सीज़न का आगाज़



**मुंबई।**

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा रियलिटी शो है, जिसे हर उम्र के दर्शक बड़े ही चाव से देखते हैं। दर्शकों से इसे इतना प्यार और प्रशंसा मिली है कि चैनल ने इसके सीज़न 16 को शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, कौन बनेगा करोड़पति के रजिस्ट्रेशन की तारीख का ऐलान भी कर दिया गया है। शो के लिए रजिस्ट्रेशन्स 26 अप्रैल रात 9 बजे से शुरू होने जा रहे हैं।

कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा मंच है, जो देश के कोने-कोने से आने वालों को करोड़पति बनने का मौका देता है। शो की लोकप्रियता ऐसी है कि मेकर्स अब केबीसी के नवीनतम सीज़न 16 के माध्यम से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का भरपूर मनोरंजन करने फिर से लौट रहे हैं।

## तमन्ना भाटिया को साइन करने के लिए लगी होड़


ई।

इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया साउथ की फिल्मों में अपने भिनय कौशल को साबित किया और अब एक्ट्रेस बॉलीवुड में के बाद एक लगातार फिल्में न करके अपने पंख फैला रही एक्ट्रेस हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शकों की पसंदीदा बन गई है र उनकी फिल्मोग्राफी इसका ण है। उन्होंने मधुर भंडारकर, ॉय घोष, रॉबी ग्रेवाल, दिनेश ान और अरुणिमा शर्मा जैसे वसनीय फिल्ममेकर्स के थ काम करना चुनकर खुद अपने कम्×फर्टेबल जोन से र निकाला, जिन्होंने तमन्ना के ले कभी न देखे गए अवतार को ने लाया। अब, तमन्ना के फैंस लिए उत्साह सातवें आसमान है क्योंकि अटकलें लगाई जा हैं कि एक्ट्रेस अपनी अगली ल्म में नीरज पांडे के साथ काम रही हैं। तमन्ना का नीरज पांडे के साथ जुड़ना एक और उदाहरण है, जो साबित करता है कि कैसे वह बी-टाउन में निर्देशकों की पसंदीदा बनती जा रही हैं। तमन्ना के नीरज पांडे के साथ काम करने की खबर ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। कहा जा रहा है कि तमन्ना का यह अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट इस साल ओटीटी रिलीज होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग 24 फरवरी से शुरू हो गई है। काम के मोर्चे पर, तमन्ना की समृद्ध फिल्मोग्राफी में कुछ दिलचस्प चीजें शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म 'ओडेला 2' की घोषणा की है। वह जॉन अब्राहम अभिनीत 'वेदा' में अभिनय करेंगी और उनकी झोली में तमिल फिल्म 'अरनमनई 4' भी है। अब, फैंस यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी क्षमता दिखाने के लिए पावरहाउस परफॉर्मर और क्या पेशकश करेगा।

## करिश्मा कपूर और माधुरी दीक्षित ने 27 साल बाद रीक्रिएट किया 'दिल तो पागल है' का वो सीन

**मुंबई।**

बॉलीवुड के कोई भी नामचीन सितारे हों। अगर उनके बीच फेसऑफ होता है तो देखकर वाकई रोंगटें खड़े हो जाते हैं। ऐसा तब हुआ, जब माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर एक स्टेज पर एक-दूसरे को टक्कर देती दिखाई दीं। दोनों के बीच वैसा ही फेसऑफ देखने को मिला, जैसा 27 साल पहले नजर आ था। फिल्म 'दिल तो पागल है' में। 'डांस दीवाने' के सेट पर पहुंची लोलो ने 'धक धक गर्ल' को ऐसी टक्कर दी कि फैन्स उनके डांस मूव्स के कायल हो गए। यश चोपड़ा की डायरेक्टड फिल्म 'दिल तो पागल है' में करिश्मा कपूर, माधुरी दीक्षित और शाहरुख खान नजर आए थे। इसमें एक सीन था, जहां इनके बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ था। उन्ही यादों को ताजा करते हुए दोनों फिर से एक स्टेज पर नजर आईं। ये एपिसोड अभी ऑनएयर नहीं हुआ है। आने वाले शनिवार-रविवार को इसका प्रसारण किया जाएगा। जिसमें ये नजारा एक बार फिर से देखने को मिलेगा।



## अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लेती है कृति

**मुंबई।** इडंस्ट्री की टैलेंटेड एक्ट्रेस कृति सेनन अब कई भारी भरकम बजट वाली फिल्मों में भी अपने काम का डंका बजा चुकी हैं। अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लेती है। कृति सेनन ने अब तक अपनी लाइफ में जितना भी काम किया है लोगों ने उनके काम को खूब सराहा है। अपने हर किरदार से उन्होंने दर्शकों का दिल भी खूब लूटा है। सोशल मीडिया पर भी वह अपने फैंस को खूब एंटरटेन करती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी एक पोस्ट से सभी का ध्यान खींचा है। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टा स्टोरी पोस्ट को देख ऐसा लगता है कि एक्ट्रेस किसी शूट पर बाहर है। इस क्लिप के अलावा, उन्होंने अपने मेकअप आर्टिस्ट के साथ बूमरैंग वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों फनी फेस बनाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बूमरैंग क्लिप को कैप्शन दिया, आलसी। हाल ही में करीना कपूर खान और तब्बू के साथ 'क्रू' में नजर आईं कृति फिलहाल शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित 'दो पत्ती' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में काजोल और शाहीर शेख भी हैं।

## जीनत अमान और मंदाकिनी के बाद अब रश्मिका मंदाना का दिखा यह अंदाज

राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी और 'सत्यम शिवम सुंदरम' में जीनत अमान ने झरने में ऐसा क्लासिक सीन दिया कि देशभर के दर्शकों के बीच हलचल मचा दी। इस तरह का सेंशुअस सीन ना कभी किसी फिल्म में दोबारा दिखा ना कोई एक्ट्रेस वो जादू दोबारा चला स्की। आज भले ही एक्ट्रेस कितनी ही कोशिश क्यों ना कर लें लेकिन जीनत अमान और मंदाकिनी के जादू के करीब भी नहीं पहुंच पाती आप सोच रहे होंगे कि हम आज उस सीन को क्यों याद कर रहे हैं। दरअसल रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रश्मिका झरने के नीचे पानी से खेलती दिख रही हैं।

रश्मिका ने ये वीडियो अर्थ डे के मौके पर शेयर किया था ।इस वीडियो में रश्मिका झरने के नीचे पानी में इंजॉय कर रही हैं। रश्मिका का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैन्स इस पर तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं ।एक ने लिखा, क्या बात है मैडम ? पानी में अर्थडे। एक ने बोला, मैमड पुष्पा-2 की रिलीज से पहले खूब घूम रही हैं।







## संक्षिप्त समाचार


### नेट-थियेट पर भजनों की स्वर्ग गंगा

- करनी कुछ ना करी, तुम मेरी राखो लाज हरि



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज भजन की स्वर गंगा कार्यक्रम में भजन कलाकार गौरव भट्ट ने अपनी मधुर वाणी से भजन की ऐसी सरिता प्रवाहित कि की लोग भक्ति रस में हिलोरे लेन लगे । नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार गौरव ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुरदास के भजन प्रभु मेरे अवगुण चित्त ना धरो, समदर्शी प्रभु नाम तिहारो,चाहो तो पार करो सुनाकर भजन की शुरुआत की। इसके बाद मीराबाई का भजन दरस बिना दुखन लागै नैन और फिर गुरुनानक की वाणी काहे रे बन खोजने जाई,सख निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई जैसे भजनों को बडे ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया और अंत में तुम मेरी लाखों लाज हरि, तुम जानत सब अंतर्यामी,करनी कछु ना करी, सुनाकर श्रोताओं को भजनों की स्र्व गंगा में डुबकी लगवाई ।
इनके साथ सितार पर हरिहर शरण भट्ट और तबले पर विजय बानेत ने असरदार संगतकर भजनों की इस सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया ' कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर डी अग्रवाल ने किया। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

### एकात्म मानव दर्शन पर होगी वार्ता आयोजित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या में रविवार को एकात्म मानव दर्शन विषय पर वार्ता सत्र का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक दुष्यंत कुमार ने बताया कि मानव जीवन की एकात्म दृष्टि के आधुनिक चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई ₹एकात्म मानव दर्शन₹ विषयक व्याख्यान माला को 60 वाँ वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल स्मारक की यात्रा एवं दर्शन हेतु एक ट्रिप आयोजित कर रहे हैं। इसमें डॉ. सुभाष कौशिक, शिक्षाविद और सार्थक संवाद के संयोजक देवेश बंसल के साथ ₹एकात्म मानव दर्शन₹ पर वार्ता- चर्चा सत्र भी आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन रविवार प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगा।

### कृषि महाविद्यालय बसेडी में अंगदान जागरूकता कार्यकम का हुआ भव्य सफल आयोजन



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर !(रामदास तरुण)धौलपुर, 27 अप्रैल को अंगदान जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता प्रो. महेश चन्द गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंगदान ही सबसे बडी सेवा है! तथा इस मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जहां वक्ताओं ने कहा कि भारत में 0.01 प्रतिशत लोग ही मृत्यु के बाद अंगदान करते है। भारत मे जन जागरूकता बेहद जरूरी है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. निधी त्यागी ने बताया कि अंगदान ही महादान है। मंच संचालन सहायक प्रो. भवानी सिंह मीणा द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहे।

# पथैना में धीरज बाबा मेला का शुभारम्भ आज

## कुश्ती दंगल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कल, आखिरी कुश्ती का इनाम एक लाख व गुर्ज

चमकता राजस्थान

**भुसावर (राजवीर सिंह)** श्री धीरज बाबा मेला कमेटी,ग्राम पंचायत एवं गांव की समस्त सरदारी की ओर से गांव पथैना में 28 अप्रेल से दो दिवसीय 311 वां श्री धीरज बाबा मेला का शुभारम्भ होगा और ये मेला 29 अप्रेल तक लगेगा। आखिरी कुश्ती एक लाख रूपए की होगी,इस बार कुश्ती दंगल में महिला कुश्ती पर प्रतिबन्ध लगाया गया। मेले का उद्घाटन व ध्वजारोहण ठाकुर शिव सिंह करेंगे,जबकि कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोडीलाल मीणा,गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम,डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेष सिंह,नदबई के विधायक कु0जगत सिंह,वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली होंगे। उद्योगपति शक्ति सिंह ,सरपंच स्नेहलता के प्रतिनिधी बृजेश कुमार,धीरज बाबा के सेवक राजूराजा ने बताया कि गांव पथैना में 28 एवं 29 अप्रेल

### महाराजा विश्वेन्द्र सिंह होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि




को श्री धीरज बाबा का मेला लगेगा। 28 अप्रेल को सुबह 8 बजे मेला का उद्घाटन व ध्वजारोहण ठाकुर शिव सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। सुबह 10 बजे राजकीय व गैर राजकीय स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताएं, दोपहर 2 बजे घोडा-घोडी एव ऊंट-ऊटनी दौड होगी,विजेता को 15 हजार व शील्ड व उप विजेता को 11 हजार व शील्ड पुरूस्कार में मिलेगी। दोपहर 3 बजे 1500 मीटर की पुरूष दौड होगी,जिसके विजेता को 4100 रू. एवं उप विजेता को 3100 रू का पुरूस्कार मिलेगा। सायं 5 बजे सीनियर व जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताए होगी। रात्रि को 8 बजे श्री सार्दुल चैक स्थित श्री बिहारी जी महाराज मन्दिर रंगारंग मंच पर जिकडी-भजन होगी,जिसके विजेता को 15 हजार व शील्ड एवं उप विजेता को 5100 रू0 का पुरूस्कार दिया जाऐगा। 29 अप्रेल को धीरज बाबा स्टेडियम पर राष्ट्रीय स्तर का सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक जूनियर वर्ग का तथा दोपहर एक बजे से सायं 7 बजे तक सीनियर वर्ग का कुश्ती दंगल होगा। आखिरी व पथैना गुर्ज विजेता को नगद एक लाख रू. एवं गुर्ज पुरूस्कार में दिया जाऐगा। इसके अलावा सीनियर वर्ग में 1100 रू0 से 51 हजार एक रू0 तक कुश्तियां होगी। साथ गांव पथैना एवं अन्य स्थान के भामाशाह व समाजसेवियों के द्वारा स्पेशल कुश्तियां कराई जाऐगी। रात्रि 9 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। मेला कमेटी अध्यक्ष ठाकुर रविन्द्र सिंह कटैला,पंचायत समिति सदस्य देवो पहलवान एवं मोरध्वज सिंह ने बताया कि कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोडीलाल मीणा,गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम,डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेष सिंह,नदबई के विधायक कु0जगत सिंह,वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली होंगे। उन्होने बताया कि मेला कमेटी एवं गांव के गणमान्य लोगों ने 29 अप्रेल को होने वाले जूनियर व सीनियर वर्ग के कुश्ती दंगल में महिलाओं की कुश्तियां नही कराने का निर्णय लिया है ओर महिला कुश्ती पर प्रतिबन्ध कायम रहेगा।

## अंतरराष्ट्रीय कथावाचक डॉ अनिरुद्धआचार्य महाराज ने रामसर में करा आध्यात्मिक प्रवचन एवं कथा वाचक कार्यक्रम

### बहायी सनातन धर्म की मधुर, अलौकिक और दिव्य ज्ञान की रस गंगा, कथा वाचन कार्यक्रम में भक्तों का जनसैलाब





चमकता राजस्थान

**अज़्मेर! (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर,रामसर में एक दिवसीय प्रवचन एवं अध्याधमिक आयोजन में वंदावन गोरी गोपाल कुन्ड के महंत एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ अनिरुद्ध चार्य जी महाराज ने रामसर में पहुंचकर आध्यात्मिक चर्चा की इस दौरान रामसर पहुंचने पर हुआ महाराज श्री का भव्य अभिनंदन ग्रामीणों ने जोर-सोर से किया स्वागत संयोजक सतीश कुमार छीपा ने अपने परिवार के साथ महाराज डॉ अनिरुद्ध चार्य जी महाराज का रामसर में भव्य फूलों की वर्षों से अभिनंदन किया पैदल पहुंचे महाराज कथास्थली कथा सुनने के लिए उमड़ा जनसैलाब दूर-दूर से कई लोग पहुंचे रामसर

### बॉलीवुड से आने वाली पीढ़ी असंस्कारिक और होती जा रही है सनातन धर्म से दूर : डॉ अनिरुद्धआचार्य महाराज

कई लोग पहुंचे रामसर महाराज ने बताया कि सतीश कुमार छिपा वृंदावन गोरीकुंडा आश्रम की वृद्ध महिलाओं की सेवा हेतु सहयोग किया करते हैं 1 साल के जीरे का सहयोग भंडारे में किया गया कथा में बताया कि बलि चढ़ाना घोर पाप है किसी भी जीव की बाली चलाना हमारा अधिकार नहीं है महाराज ने बताया कि आने वाली पीढ़ी धीरे-धीरे संस्कृत होती जा रही है उनमें संस्कारों की बहुत कमी देखी जा रही है इसलिए उन्होंने बताया कि अपने मां-बाप को चाहिए कि अपने पुत्र को हमेशा अपना मित्र बनाकर उसे अपनी बातें शेयर करनी चाहिए गौ माता की सेवा की जाती है वह भूमि पवित्र हो जाती है वह संस्कारिक तरीके से जीने के तरीके बताएं व धर्म क्या है सनातन क्या है इस के बारे में जानकारी दी ओर वंदावन में आने का कहा ओर बताया की गोरी गोपाल आश्रम में व्रत महिलाओं की सेवा की जाती है और सभी को इसमें सहयोग करने के लिए प्रेरित किया व धार्मिक शास्त्रों की चर्चा की रास मंडल के बारे में जानकारी दी बताया कि भक्त और भगवान का मिलन ही रास मंडल होता है इस पास के सरपंच भी रहे मोजूद श्रीनगर भागचन्द सामरिया ,अशोक वेस्णव ,सहित कहीं महिलाएं पहुंची कथा सुनने रामसर ,मीठे रस की भरोड़ी राधा राधा रानी लाग मान कारों कारो जमना जी रो पानी लाग भजन गाए महाराज ने भक्ति में हुआ पंडाल भक्ति रस में डूबी महिलाएं संयोजक हरीश कुमार सिप ने संयोजक सतिश कुमार छीपा ने महाराज श्री को दुपट्टा एवं साफा बनाकर अभिनंदन भी किया महीने में एक बार जाते हैं छिपा परिवार करते हैं गौरीकुंड आश्रम में भरपूर सहयोग

## करौली जिले में महिला थाना पुलिस की कार्रवाई

- नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, 24 दिनों से चल रहा था फरार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/करौली!** (खलील कुरैशी)26 अप्रैल। करौ जिले की महिला थाना पुलिस की टीम ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी विजय सिंह मीणा पुत्र रामचरण (34) निवासी मोहनपुरा खोहरी थाना कैला देवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना के संबंध में 1 अप्रैल को थाना कैला देवी निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दी थी। इस पर महिला थाना पर आईपीसी व पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान एसएचओ महिला थाना मंजू फौजदार द्वारा किया जा रहा था। गंभीर प्रवृत्ति का मुकदमा होने से पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई बार उसके घर व अन्य संभावित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पुलिस के पकड़ में नहीं आया।एसपी उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को गठित टीम द्वारा मुल्जिम विजय सिंह मीणा को दीपपूरा स्टैंड से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एसएचओ महिला थाना मंजू फौजदार, हेड कांस्टेबल अरविंद, कांस्टेबल रामावतार, उदय सिंह, ओंकार सिंह व महिला कांस्टेबल राजरानी शामिल थी।

## जयपुर को गौरवान्वित किया

# तरंग अरोड़ा सबसे प्रभावशाली युवा भारतीय



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** वरुण धवन, टाइगर श्रॉफ, भूमि पढनेकर और राजकुमार राव के साथ चयनित विश्व प्रसिद्ध पत्रिका जीक्यू इंडिया ने आम्रपाली ज्वेल्स के सीईओ और क्रिएटिव डायरेक्टर तरंग अरोड़ा को 2024 के सबसे प्रभावशाली युवा भारतीयों में से एक के रूप में सम्मानित किया है।
जीक्यू की 2024 की सूची 35 गतिशील व्यक्तियों का चयन है जो बिजनेस मॉडल का नेतृत्व कर रहे हैं, संस्कृति को परिभाषित कर रहे हैं और यथास्थिति को बाधित कर रहे हैं।
25 अप्रैल, 2024 को, जीक्यू इंडिया ने अपनी वार्षिक सबसे प्रभावशाली युवा भारतीयों की सूची 2024 की घोषणा की, जो रचनात्मकता, व्यवसाय, सिनेमा, संगीत, एफ एंड बी और अन्य क्षेत्रों में 35 अग्रणी व्यक्तियों की सराहना करती है।
आम्रपाली ज्वेल्स के सीईओ और क्रिएटिव डायरेक्टर तरंग अरोड़ा को एक रचनात्मक और उद्यमशील पथप्रदर्शक के रूप में पहचाना जाता है। जिन्होंने द हाउस ऑफ आम्रपाली को भारत के सबसे प्रतिष्ठित आभूषण घरों में से एक बनाया। इस सूची के 10वें संस्करण का जश्न मनाने के लिए, जीक्यू इंडिया ने 25 अप्रैल 2024 को फोर सीजन्स मुंबई में एक सितारों से सजी शाम की मेजबानी की। यहां, जीक्यू की 2024 की प्रतिभाओं का जश्न एक विशेष कार्यक्रम में, प्रमुख चे कुर्रियन की उपस्थिति में मनाया गया। संपादक, जीक्यू इंडिया। जीक्यू की 2024 की सबसे प्रभावशाली युवा भारतीयों की सूची में कुछ उल्लेखनीय व्यक्तियों में तरंग अरोड़ा, सीईओ और क्रिएटिव डायरेक्टर- आम्रपाली ज्वेल्स, अक्षत बंसल, फैशन डिजाइनर, ब्लोनी के संस्थापक, कुणाल रावल, फैशन डिजाइनर, भाविशा दवे और मीनाक्षी सिंह, कैप्सूल के संस्थापक शामिल हैं।
विजय वर्मा, अलिजेह, वरुण धवन, नयनतारा, भूमि पेडनेकर, राजकुमार राव, फातिमा सना शेख, टाइगर श्रॉफ जैसे बॉलीवुड सितारे उद्यमी ट्रेलब्लेज़र जैसे योगेश काबरा, संस्थापक- , उत्कर्ष गुप्ता और दिशांत दरयानी, कॉमेट के सह-संस्थापक, आदित पालीचा और कैवल्य वोहरा, ज़ेप्टो के सह-संस्थापक, अनमोल सिंह जग्गी, ब्लूस्मार्ट के सह-संस्थापक हुसैन शहजाद, संज्योत कीर, शेफ, कंटेंट क्रि-एटर, योर फूड लैब के संस्थापक, कवन कुट्टप्पा, शेफ और नारू नूडल बार के संस्थापक जैसे अग्रणी पाक विशेषज्ञ लिसा मिश्रा, सिद्धांत शर्मा और अभिजय नेगी, सीधे मौत जैसे संगीतकार नव्या नवेली नंदा, दीपा बुलर खोसला और शरण हेज जैसी सोशल मीडिया हस्तियां और उद्यमी शामिल हैं ।
इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, आम्रपाली ज्वेल्स के सीईओ और क्रिएटिव डायरेक्टर, तरंग अरोड़ा कहते हैं, ''जीक्यू इंडिया जैसे मीडिया दिग्गज द्वारा उनकी सबसे प्रभावशाली भारतीयों की सूची 2024 के हिस्से के रूप में पहचाने जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह आयोजन वास्तव में एक तरह का है- यह अपने सभी रूपों में रचनात्मक उत्कृष्टता को मान्यता देता है - चाहे वह कला, सिनेमा, संगीत, फैशन, भोजन या व्यवसाय हो। जीक्यू की 2024 की सूची में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो सच्चे अर्थों में अग्रणी हैं, अपने संबंधित उद्योगों में लहरें पैदा कर रहे हैं और यथास्थिति को बाधित कर रहे हैं। मैं 34 गतिशील लोगों के साथ मंच साझा करने के लिए आभारी हूं, जिनमें से कुछ करीबी दोस्त हैं और कुछ जिन्हें मैं वास्तव में प्रेरणादायक मानता हूं।जयपुर और मेरे पिता की विरासत को में विश्व स्तर पर ले जा सकूँ यह मेरा प्रयास रहेगा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929